●वर्ष : 16 ●अंक : 217 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHI/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

शनिवार 30 नवम्बर 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

# लगातार हो रही चुनावी हार के गुस्से में विपक्ष अब देश के खिलाफ साजिश करने में जुटा : पीएम मोदी

### ››› काम देख दिया वोट

पीएम मोदी ने कहा कि ओडिशा के लोगों ने भाजपा के केंद्र सरकार के कामों को देखा और दिल्ली में बैठे रहने के बावजूद अपनेपन का नाता रखा. उन्होंने कहा, 10 साल में ओडिशा के गांव-गांव और घर-घर में यह बात पहुंच चुकी थी. जब राज्य में हमारी सरकार भी नहीं थी, हमारी योजनाओं के नाम भी बदल दिए जाते थे फिर भी ओडिशा के विकास के लिए पूरी लगन और ईमानदारी से हम लगातार काम करते रहे. भारत सरकार के मंत्री परिषद में आज जितना प्रतिनिधित्व ओडिशा का है, वह पहले कभी नहीं रहा।



नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि लगातार हो रही चुनावी हार ने विपक्षी दलों के भीतर इतना गुस्सा भर दिया है कि वह अब देश के खिलाफ साजिश' करने में जुट गए हैं और अपना गुस्सा जनता पर ही निकालने लगे हैं. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओडिशा इकाई की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि विपक्षी दलों का एकमात्र मकसद किसी तरह देश की जनता को गुमराह कर सत्ता पर कब्जा करना है।

**››› ओडिशा ने सभी को चौकाया**

प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों ने पार्टी कार्यकर्ताओं में विश्वास भर दिया है और यही भाजपा की विशेषता भी है. उन्होंने कहा, विपक्षी दल भाजपा सरकार के खिलाफ सुबह शाम दुष्प्रचार करते रहते हैं, लेकिन जनता भाजपा सरकार के कामों को देखकर उन्हें आशीर्वाद देने खुद मैदान में दौड़ पड़ती है." ओडिशा विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि इसके कुछ महीने पहले तक बड़े-बड़े राजनीतिक विशेषज्ञ भाजपा को पूरी तरह से खारिज कर रहे थे और दावा कर रहे थे कि इस पूर्वी राज्य में भाजपा इतनी बड़ी ताकत नहीं हो सकती कि वह अपने बूते सरकार बना ले,उन्होंने कहा, लेकिन जब परिणाम आए सारे के सारे लोग...जो अपने आप को तीसमारखां मानते थे, सब के सब हैरान हो गए।

### ››› दुनिया में और प्रभाव बढ़ा

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने ओडिशा को केंद्र से मिलने वाले बजट को तीन गुणा किया, नई-नई योजनाएं चलाईं और हर वर्ग व समाज की समान भाव से सेवा की. उन्होंने कहा, इसलिए ओडिशा की जनता भाजपा की नीति और कार्यशाली को जान सकी. उनके मन में भाजपा को लेकर विश्वास पैदा हुआ और फिर दिल खोलकर उन्होंने भाजपा को अशीर्वाद दिया." उन्होंने कहा कि यह भाव इतना मजबूत हो गया था कि भाषा भी कभी इसमें रुकावट नहीं बनी. पीएम ने कहा कि दुनिया में भारत का प्रभाव 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद कई गुना अधिक हो गया।

### ››› विपक्ष जनता पर गुस्सा उतार रहा

पीएम मोदी ने कहा कि राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक है, लेकिन पिछले कुछ समय से एक बहुत बड़ा बदलाव यह हुआ है कि भारत के संविधान की भावनाओं को कुचल दिया जाता है और लोकतंत्र की सारी मान-मयार्दाओं को अस्वीकार किया जाता है. उन्होंने कहा कि जो लोग सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं, उनके पास केंद्र की सत्ता पिछले एक दशक से नहीं है। उन्होंने कहा, अब देश की जनता किसी और को आशीर्वाद दे, इसका गुस्सा उन्हें देश की जनता पर भी है. इस स्थिति ने उनके अंदर इतना गुस्सा भर दिया है कि वो देश के खिलाफ साजिश करने में जुटे हैं. ये लोग अपना गुस्सा जनता पर ही निकालने लगे हैं।

### ››› विपक्ष से सतर्क रहने का आह्वान

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि देश को गलत दिशा में ले जाने के लिए विपक्ष ने लोगों को गुमराह करना शुरू कर दिया है. उन्होंने कहा, उनकी झूठ और अफवाह की दुकान 50-60 साल से चल रही है. अब उन्होंने इस अभियान को और तेज कर दिया है." उन्होंने विपक्ष के कारनामों को बहुत बड़ी चुनौती करार दिया और देशवासियों से हर पल सतर्क और जागरूक रहने का आह्वान किया. प्रधानमंत्री ने कहा कि आज केंद्र की भाजपा सरकार ओडिशा के गौरव को बड़ी प्राथमिकता दे रही है और वह इस राज्य को देश ही नहीं बल्कि दुनिया के नक्शे पर लाना चाहती है।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



### भारतीय आर्थिक दर्शन एवं प्राचीन भारत में आर्थिक विकास

भारत में वेदों, पुराणों एवं शास्त्रों में यह कहा गया है कि मानव जीवन हमें मोक्ष प्राप्त करने के लिए प्राप्त हुआ है। मोक्ष प्राप्ति के लिए अच्छे कर्मों का करना आवश्यक है। अच्छे कर्म अर्थात हमारे किसी कार्य से किसी पशु, पक्षी, जीव, जंतु को कोई दुःख नहीं पहुंचे एवं सर्व समाज की भलाई के कार्य करते रहें। अर्थात, इस धरा पर निवास करने वाले प्रत्येक प्राणी का कल्याण हो, मंगल हो। ऐसी कामना भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में की जाती है। इसी प्रकार, धर्म के महत्व को स्वीकार करते हुए कौटिल्य के अर्थशास्त्र, नारद की नारद स्मृति और याग्वल्य की याग्वल्य स्मृति में कहा गया है कि अर्थशास्त्रास्तु बलवत धर्मशास्त्र नीतिस्थिति। अर्थात, यदि अर्थशास्त्र के सिद्धांत एवं नैतिकता के सिद्धांत के बीच कभी विवाद उत्पन्न हो जाए तो दोनों में से किसे चुनना चाहिए। कौटिल्य, नारद एवं याग्वल्य कहते हैं कि अर्थशास्त्र के सिद्धांतों की तुलना में यानी केवल पैसा कमाने के सिद्धांतों की तुलना में हमको धर्मशास्त्र के सिद्धांत अर्थात नैतिकता, संयम, जिससे समाज का भला होता हो, उसको चुनना चाहिए। कुल मिलाकर अर्थतंत्र धर्म के आधार पर चलना चाहिए। गुनार मृडल जिनको नोबल पुरस्कार प्राप्त हुआ था एवं जिनकी एशियन ड्रामा नामक पुस्तक बहुत मशहूर हुई थी। उन्होंने एक और छोटी किताब लिखी है जिसका नाम है अगेन्स्ट द स्ट्रीम। इस किताब में उन्होंने अर्थशास्त्र को एक नैतिक विज्ञान बताया है। कुछ वर्ष पूर्व अखबारों में एक खबर छपी थी कि विश्व बैंक ने यह जानने के लिए एक अधयन प्रारम्भ किया है कि विकास में आध्यात्म की कितनी भूमिका है। इसी प्रकार दुनिया में यह जानने का प्रयास भी किया जा रहा है कि दरिद्रता मिटाने में धर्म की क्या भूमिका हो सकती है। प्राचीन भारत के वेद-पुराणों में धन अर्जित करने को बुरा नहीं माना गया है। प्राचीन काल में वेदों का एक भाष्यकार हो गया है, जिसका नाम यासक था। यासक ने निघंटू नामक ग्रंथ में धन के 28 समानार्थ शब्द बताए हैं, और प्रत्येक शब्द का अलग अलग अर्थ है। दुनिया की किसी पुस्तक में अथवा किसी अर्थशास्त्र की किताब में धन के 28 समानार्थ शब्द नहीं मिलते हैं। भारत के शास्त्रों में धन के सम्बंध में उच्च विचार बताए गए हैं। भारत के शास्त्रों ने अर्थ के क्षेत्र को हेय दृष्टि से नहीं देखा है एवं यह भी कभी नहीं कहा है कि धन अर्जन नहीं करना चाहिए, पैसा नहीं कमाना चाहिए, उत्पादन नहीं बढ़ाना चाहिए।

**SYED ZAKI HAIDER**
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# आर्थिक मोर्चे पर भारत को लगा बड़ा झटका

### ›› दूसरी तिमाही में फिसली जीडीपी ग्रोथ रेट

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि घटकर 5.4% रह गई, जो लगभग दो वर्षों में इसकी सबसे धीमी गति है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, यह पिछले साल की समान अवधि में दर्ज की गई 8.1% की वृद्धि से एक महत्वपूर्ण गिरावट है। मंदी के बावजूद, भारत ने उसी तिमाही में चीन की 4.6% जीडीपी वृद्धि को पीछे छोड़ते हुए सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा। पिछली बार जीडीपी वृद्धि इस स्तर से नीचे वित्त वर्ष 2023 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में गिरी थी, जब यह गिरकर 4.3% हो गई थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, कृषि क्षेत्र के लिए सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में बढ़कर 3.5% हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 1.7% था। इसके विपरीत, विनिर्माण क्षेत्र की जीवीए वृद्धि गिरकर 2.2% हो गई, जो कि एक साल पहले की अवधि में दर्ज की गई 14.3% की मजबूत वृद्धि से तेज गिरावट है। विनिर्माण क्षेत्र में मंदी समग्र आर्थिक विकास पर प्राथमिक बाधा के रूप में उभरी है, जिससे वैश्विक आर्थिक प्रतिकूलताओं के बीच क्षेत्र की रिकवरी को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के दौरान, भारत की जीडीपी वृद्धि 6% रही, जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में 8.2% थी। हालाँकि, पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2024) के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.7% होने की पुष्टि की गई, जो पहले के अनुमान से अपरिवर्तित रही।

## ब्रीफ न्यूज

### एनआईए की 6 राज्यों के 22 ठिकानों पर रेड

**नई दिल्ली,** एनआईए ने मानव तस्करी से जुड़े मामले में 6 राज्यों के 22 ठिकानों पर गुरुवार को छापेमारी की। इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर मानव तस्करी से जुड़ी एक गैंग की धरपकड़ के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार समेत अन्य राज्यों में रेड की गई है। इसमें एक बड़े नेटवर्क के जुड़े होने की आशंका है। ये नेटवर्क युवाओं को विदेश में नौकरी का लालच देकर उनकी तस्करी करता है। इसके बाद उनसे साइबर फ्रॉड में जुड़े झूठे कॉल सेंटरों में जबर्दस्ती काम कराया जाता है।

### दिल्ली के प्रशांत विहार में धमाका, एक घायल

**नई दिल्ली,** दिल्ली के रोहिणी में प्रशांत विहार इलाके में पीवीआर मल्टीप्लेक्स के पास गुरूवार की सुबह 11.48 बजे गुरुवार को धमाका हुआ। घटना में एक शख्स घायल हो गया। नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) और फोरेंसिक टीम जांच के लिए पहुंची है। इसके अलावा जांच के लिए बम निरोधक दस्ता के अधिकारी भी पहुंचे है। धमाका के कारणों का पता लगाया जा रहा है। फायर सर्विस के मुताबिक, उनके पास विस्फोट से जुड़ा एक कॉल आया। इसके बाद फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियां मौके पर पहुंची।

### 50 आतंकी ठिकानों पर पुलिस की छापेमारी

**जम्मू कश्मीर,** जम्मू कश्मीर में संदिग्ध आतंकवादियों और उनके समर्थकों की धरपकड़ के लिए गुरुवार को पुलिस ने 50 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। इसमें से अकेले कठुआ जिले के करीब 17 ठिकानों पर छापेमारी कर 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये आतंकियों की मदद करते थे। इनके पास से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी जब्त की गई है। जम्मू रीजन के एडीजे आनंद जैन ने बताया कि पुलिस आतंकवादियों का समर्थन करने वाले कई संदिग्धों के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ कर रही है घाटी में पिछले दिनों हुए आतंकवादी हमलों के जवाब में ये कार्रवाई की जा रही है।

## 'हालिया विधानसभा चुनावों में धक्का लगा है हमें कठोर निर्णय लेने होंगे', सीडब्ल्यूसी की बैठक में बोले खड़गे



**दिल्ली।** कांग्रेस कार्य समिति की शुक्रवार को बैठक हुई जिसमें महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा में पार्टी के हालिया चुनाव प्रदर्शन पर चर्चा की गई। आगामी दिल्ली चुनाव और संसद सत्र के लिए रणनीतियां भी एजेंडे में थीं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई बैठक में पूर्व प्रमुख राहुल गांधी, एआईसीसी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश शामिल थे। सीडब्ल्यूसी ने विभिन्न चुनाव परिणामों का विश्लेषण किया। पार्टी के गठबंधन को झारखंड में जीत तो मिली, लेकिन महाराष्ट्र और हरियाणा में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। सीडब्ल्यूसी की यह बैठक संभावित गठबंधनों सहित दिल्ली और बिहार में आगामी चुनावों की तैयारी पर भी फोकस थी। बैठक में खड़गे ने कहा कि हमें तुरंत चुनावी नतीजों से सबक लेते हुए संगठन के स्तर पर अपनी सभी कमजोरियों और खामियों को दुरुस्त करने की जरूरत है, ये नतीजे हमारे लिए संदेश हैं। उन्होंने कहा कि आपसी एकता की कमी और एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी हमें काफी नुकसान पहुंचाती है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जरूरी है कि हम सख्ती से अनुशासन का पालन करें और एकजुट रहें। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम पुराने ढर्रे पर चलते हुए हर समय सफलता नहीं पा सकते, हमें समय से निर्णय लेने होंगे और जवाबदेही तय करनी होगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ईवीएम ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है, महाराष्ट्र के परिणाम ऐसे हैं कि कोई भी अंकगणित इसे उचित ठहराने में असमर्थ है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हालिया विधानसभा चुनावों में हमें धक्का लगा है, इसीलिए हमें कठोर निर्णय लेने होंगे।

## सीजीएसटी सुपरिटेंडेंट रिश्वत लेते गिरफ्तार

इदौर/नूना न्यूज एजेंसी।



**सीबीआई ने 15 हजार रुपए लेते पकड़ा, घर और ऑफिस पर भी छापा**

इंदौर में सेंट्रल जीएसटी के सुपरिटेंडेंट केपी राजन रिश्वत लेते गिरफ्तार किए गए हैं। सीबीआई ने उन्हें 15 हजार रुपए की घूस लेते पकड़ा है। सीबीआई ने सोशल मीडिया अकाउंट पर इसकी जानकारी दी है। उन पर जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट अनब्लॉक करने के बदले शिकायतकर्ता से घूस मांगने का आरोप है।

गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने सेंट्रल जीएसटी के सुपरिटेंडेंट के घर और ऑफिस पर छापा मारा। बताते हैं कि टीम ने यहां कई दस्तावेज की जांच की। कार्रवाई के लिए सीबीआई के 8 अधिकारियों की टीम इंदौर पहुंची थी। जानकारी के मुताबिक इंदौर के राऊ निवासी सीताराम चौधरी ने बुधवार को भोपाल सीबीआई को शिकायत की थी। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि सुपरिटेडेंट ने जीएसटी की रुकी हुई इनपुट टैक्स क्रेडिट रिलीज जारी करने के एवज में 15 हजार रुपए की रिश्वत मांगी है। सीताराम चौधरी की पत्नी भारती चौधरी के नाम पर प्लास्टिक और मशीनरी फर्म है। सीबीआई ने पुख्ता जानकारी हाथ लगने के बाद यह कार्रवाई की है। केपी राजन की अन्य मामलों में भी शिकायतें हैं। उनकी भी जांच की जा रही है। राजन प्रमोटी अधिकारी हैं। बीते काफी समय से उनके खिलाफ बिना रिश्वत के काम नहीं करने की शिकायतें भी विभाग के अधिकारियों को मिल रही थीं।

## अजमेर दरगाह में महादेव मंदिर होने के 3 आधार

### हाईकोर्ट के जज की किताब का दिया हवाला, नसरुद्दीन चिश्ती के वंशज बोले- ऐसी हरकतें देश के लिए खतरा

अजमेर/नूना न्यूज एजेंसी।



अजमेर की ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में संकट मोचन महादेव मंदिर होने का दावा किया गया है। अजमेर सिविल कोर्ट में लगाई गई याचिका को कोर्ट ने सुनने योग्य मानते हुए सुनवाई की अगली तारीख 20 दिसंबर तय की है।

याचिका दायर करने वाले हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने मुख्य रूप से 3 आधार बताए हैं। उन्होंने कहा कि 2 साल की रिसर्च और रिटायर्ड जज हरबिलास शारदा की किताब में दिए गए तथ्यों के आधार पर याचिका दायर की है। किताब में इसका जिक्र है कि यहां ब्राह्मण दंपती रहते थे और दरगाह स्थल पर बने महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना करते थे। इसके अलावा कई अन्य तथ्य हैं, जो साबित करते हैं कि दरगाह से पहले यहां शिव मंदिर रहा था। अजमेर दरगाह प्रमुख उत्तराधिकारी और ख्वाजा साहब के वंशज नसरुद्दीन चिश्ती ने कहा- कुछ लोग सस्ती मानसिकता के चलते ऐसी बातें कर रहे हैं। कब तक ऐसा चलता रहेगा। आए दिन हर मस्जिद-दरगाह में मंदिर होने का दावा किया जा रहा है।

**दावे के तीन आधार**

- दरगाह में मौजूद बुलंद दरवाजे की बनावट हिंदू मंदिरों के दरवाजे की तरह है। नक्काशी को देखकर भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां पहले हिंदू मंदिर रहा होगा।
- दरगाह के ऊपरी स्ट्रक्चर देखेंगे तो यहां भी हिंदू मंदिरों के अवशेष जैसी चीजें दिखती हैं। गुम्बदों को देखकर आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि किसी हिंदू मंदिर को तोड़कर यहां दरगाह का निर्माण करवाया गया है।
- जहां-जहां शिव मंदिर हैं, वहां पानी और झरने जरूर होते हैं। यहां (अजमेर दरगाह) भी ऐसा ही है।

## पीएम मोदी को धमकी देने वाली महिला अरेस्ट

**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुरुवार को जान से मारने की धमकी दी गई। मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम में धमकीभरा फोन आया था। मामले में पुलिस ने एक 34 साल की महिला को हिरासत में लिया। पूछताछ में पता चला कि महिला

**मानसिक रूप से अस्थिर निकली, मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूप में फोन आया था**

मानसिक रूप से अस्थिर है। उसने शरारत में फोन किया था। महिला का कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड भी नहीं है। मामले की जांच जारी है।

2023 में हरियाणा के एक शख्स ने वीडियो वायरल करते हुए मोदी को गोली मारने की धमकी दी थी। वीडियो में युवक ने खुद को हरियाणा का बदमाश और गांव मोहाना, सोनीपत का रहने वाला बताया था। वीडियो में उसने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी मेरे सामने आ जाएं तो मैं गोली मार दूंगा। 2022 में पीएम मोदी को जेवियर नाम के एक शख्स ने धमकी दी थी।

**राजतिलक** अमित शाह के घर हुई महायुति के नेताओं की मैराथन बैठक, भाजपा के 2 ऑब्जर्वर मुंबई जाएंगे

# अब एक दिसंबर को होगा महाराष्ट्र सीएम का ऐलान, शपथ दो को

नई दिल्ली/नूना न्यूज एजेंसी।



महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के घर पर मैराथन बैठक हुई। बैठक करीब ढाई घंटे तक चली। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में मंत्रिमंडल बंटवारे को लेकर चर्चा हुई है। भाजपा के दो ऑब्जर्वर 1 दिसंबर को मुंबई जाएंगे। वे विधायक दल की बैठक में शामिल होंगे और विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सीएम के नाम का ऐलान करेंगे।

बैठक के बाद अजित पवार और फडणवीस मुंबई जाने के लिए निकल चुके हैं। वहीं, एकनाथ शिंदे अपने बेटे और सांसद श्रीकांत शिंदे के घर पहुंचे हैं। यहां वे अपने सांसदों के साथ बैठक किए। शिंदे सांसदों को अमित शाह के साथ हुई मीटिंग की डिटेल दिया। गृह मंत्री के घर बैठक में देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, एनसीपी सांसद प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे भी मौजूद रहे। इस मीटिंग से पहले अमित शाह और एकनाथ शिंदे के बीच करीब आधे घंटे तक अकेले में बैठक हुई थी। शिंदे ने दिल्ली पहुंचते ही मीडिया से कहा था- लाडला भाई दिल्ली आया है। वे इससे पहले कह चुके हैं कि भाजपा के वरिष्ठ नेता जो फैसला लेंगे, उसका समर्थन करूंगा। वहीं, अमित शाह के घर पहुंचने से पहले फडणवीस और अजित पवार के बीच भी मीटिंग हुई है। कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे ने ठाणे में कहा था कि हमें भाजपा का सीएम मंजूर है। (शेष पेज 8 पर)

### एकनाथ शिंदे की किन विभागों पर नजर

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले और कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में पद पर बने रहने वाले एकनाथ शिंदे अपनी पार्टी के लिए महत्वपूर्ण विभागों पर नजर गड़ाए हुए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अमित शाह के साथ बैठक में शहरी विकास और महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) मंत्रालय अपने पास रखने की मांग की है। इसके अलावा, शिंदे राजस्व, कृषि, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, उद्योग और सामाजिक न्याय सहित अन्य विभागों के लिए भी प्रयास कर रहे हैं। शिंदे केंद्र में एक कैबिनेट पद और एक राज्य मंत्री की भूमिका भी मांग की है।

### अजित पवार की क्या है मांग

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता अजित पवार कथित तौर पर उपमुख्यमंत्री पद के साथ-साथ वित्त विभाग की मांग की है। हालांकि, बीजेपी रणनीतिक महत्व का हवाला देते हुए वित्त और योजना विभाग पर नियंत्रण बनाए रखने की इच्छुक है। पवार की ओर से कृषि, खाद्य और नागरिक आपूर्ति, महिला एवं बाल कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, खेल, ग्रामीण विकास और सहकारिता सहित अन्य प्रमुख विभागों की भी मांग की है।

## 'घोड़ी पे चढ़कर आना' फिल्म के ऑडिशन के लिए जेवर पहुंचे कलाकार

**जेवर।** विधानसभा में प्रस्तावित फिल्म सिटी का शिलान्यास नए वर्ष में शुरू होने जा रहा है, लेकिन यहां फिल्म सिटी की स्थापना से पूर्व ही फिल्म कलाकार अपना जलवा दिखने के लिए तैयार हैं। आज दिनांक 29 नवंबर 2024 को जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने फिल्म निमार्ता निर्देशक कैलाश मासूम के साथ हिंदी फिल्म 'घोड़ी पे चढ़कर आना' की शूटिंग का शुभारंभ किया। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह के साथ भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर त्यागी जी, ग्रेटर नोएडा जोन के सहायक पुलिस आयुक्त चतुर्थ (एसीपी) सार्थक सेंगर, कोतवाली प्रभारी जेवर संजय कुमार सिंह के साथ-साथ मुरलीधर शर्मा, हरिदत्त शर्मा, दिनेश शर्मा आदि अनेकों ग्रामवासी भी मौजूद रहे। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने फिल्म की शूटिंग के सभी कलाकारों को स्वागत करते हुए कहा कि जेवर फिल्म सिटी माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। फिल्म सिटी का शुभारंभ शीघ्र होने जा रहा है।

CMYK

# उत्तराखण्ड के राज्यपाल ले.ज. गुरमीत सिंह ने प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी को डी.लिट की मानद उपाधि से सम्मानित किया



दिल्ली/ उत्तराखण्ड, अजय कुमार मिश्रा, संयोजक मीडिया प्रकोष्ठ, आईकेएस प्रकोष्ठ व पीआरओ सीएसयू ।

**दिल्ली।** सूचनीय है कि आज 29 नवबंर 2024 को उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय ,हरिद्वार द्वारा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्याय, दिल्ली के लब्धप्रतिष्ठ कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी को संस्कृत विद्या तथा शिक्षा व्यवस्था को शैक्षणिक तथा संगणकीय दृष्टि से गुणोत्कर्षकारी बनाने के लिए लिए डी. लिट की मानद उपाधि से इस विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षान्त समारोह में गण्यमान अतिथियों के समक्ष अलंकृत किया गया। इस दीक्षान्त समारोह के अवसर पर उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल ले.ज. गुरमीत सिंह, जी की भव्य उपस्थिति में उत्तरखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र शास्त्री, प्रति कुलपति, डा चिन्मय पंड्या, देवसंस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार, राममंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष , स्वामी गोविंद गिरि जी महाराज के अतिरिक्त संस्कृत शिक्षा सचिव,दीपक कुमार गैरोला भी उपस्थित रहें। माननीय कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी जी को इस उपाधि से अलंकृत किये जाने पर सीएसयू के छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों, अधिकारियों तथा कर्मयोगियों के साथ साथ संस्कृत अनुरागियों के बीच भी प्रसन्नता देखी गयी। महामहिम राज्यपाल ने इस दीक्षान्त समारोह की प्रशंसा करते संस्कृत के महत्त्व पर प्रकाश डाला और कुलपति प्रो वरखेड़ी को भी बधाई दी। प्रो वरखेड़ी जी ने भी सभी के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया और बताया है कि संस्कृत भारतीय भाषाओं तथा सांस्कृतिक विरासत की बौद्धिक सम्पदा है जिसके समुन्नयन लिए सभी को मिल जूल कर कार्य करना होगा। प्रो मदन मोहन झा ,डीन शैक्षणिक, प्रो काशीनाथ न्यौपाने, निदेशक ,प्रकाशन,प्रो पवन कुमार, परीक्षा नियन्त्रक , प्रो मधुकेश्वर भट तथा सीएसयू के पुस्तकालयाध्यक्ष डा पी. एम .गुप्त ने भी कुलपति प्रो वरखेड़ी जी को बधाई देते शुभकामनाएं दी। कुलपति प्रो दिनेश चंद्र शास्त्री ने प्रो वरखेड़ी को संस्कृत भाषा तथा साहित्य में निहित ज्ञान विज्ञान के जीवन्त उन्नयनकर्ता के रूप में बताया है।

# हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री ठाकुर सुखविंद्र सुखु ने वाणिज्य एंव उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल से भेंट की



**नई दिल्ली।** 29 नवम्बर 2024 मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से की भेंट जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों की तर्ज पर विशेष औद्योगिक पैकेज की मांग पूंजीगत सब्सिडी की लंबित राशि जारी करने और परिवहन सब्सिडी योजना को फिर से शुरू करने का आग्रह किया मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार देर सांय नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से भेंट की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से हिमाचल प्रदेश को विशेष औद्योगिक पैकेज प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संतुलित क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित करने के लिए यह समय की मांग है कि जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों की तर्ज पर हिमाचल प्रदेश को विशेष औद्योगिक पैकेज प्रदान किया जाए। उन्होंने हिमाचल जैसे पहाड़ी क्षेत्रों के लिए पहले की तरह परिवहन सब्सिडी योजना को फिर से शुरू करने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण परिवहन की लागत काफी अधिक है। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इससे औद्योगिक उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने निर्यात प्रोत्साहन के लिए औद्योगिक अधोसंरचना विकास परियोजनाओं, गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं तथा प्रमाणन प्रयोगशालाओं के लिए उदार वित्तीय सहायता देने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास योजना (आईडीएस) के तहत पूंजीगत सब्सिडी की लंबित राशि जारी करने तथा आईडीएस के तहत लंबित मामलों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार की सभी मागों और मुद्दों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा तथा प्रदेश को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। बैठक में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धमार्णी, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह तथा राज्य के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# खरगे ने सीडब्ल्यूसी की बैठक में कठोर निर्णय लेने का आह्वान किया

## कहा- कांग्रेस को नए संकल्प के साथ ब्लॉक स्तर से लेकर एआईसीसी तक बदलाव लाना होगा

>> ईवीएम ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बनाया, सवाल उठ रहे हैं कि चुनाव आयोग अपने संवैधानिक दायित्व को किस हद तक निभा रहा



**नई दिल्ली।** 29 नवंबर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस के लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद हाल ही में कुछ राज्यों में नतीजे अनुरूप नहीं आने पर पार्टी द्वारा कठोर निर्णय लेने का आह्वान किया है। कांग्रेस अध्यक्ष नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने सबसे पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को वायनाड और रवींद्र वसंतराव चव्हाण को नांदेड़ लोकसभा सीट पर विजयी होने पर अपनी बधाई दी। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर उठ रहे सवालों पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी और कहा कि ईवीएम ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है। खरगे ने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस पार्टी ने नए जोश-खरोश के साथ वापसी की थी। उसके बाद इंडिया गठबंधन ने चार में से दो राज्यों में सरकार बनाई, पार्टी का प्रदर्शन अपेक्षा से कम रहा। कांग्रेस को तुरंत चुनावी नतीजों से सबक लेते हुए संगठन के स्तर पर अपनी सभी कमजोरियों और खामियों को दुरुस्त करने की जरूरत है। कई राज्यों में कांग्रेस का संगठन अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। संगठन का मजबूत होना कांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी जरूरत है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक असमानता देश के ज्वलंत मुद्दे हैं। जाति जनगणना भी अहम मसला है। संविधान, सामाजिक न्याय और सौहार्द जैसे मसले जन-जन के मुद्दे हैं। इसके साथ ही राज्यों के अलग-अलग मुद्दों को समय रहते बारीकी से समझना और उसके इर्द-गिर्द ठोस अभियान की रणनीति बनाना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को नए संकल्प के साथ जमीनी स्तर से, ब्लॉक, जिला से लेकर एआईसीसी स्तर तक बदलाव लाना होगा। उन्होंने एकजुटता पर भी जोर दिया और कहा कि यह जरूरी है कि हम कठोरता से अनुशासन का पालन करें।

# विकलांग छात्रों के लिए विशेष छात्रवृत्ति और अतिरिक्त सहायता

नई दिल्ली, नवंबर : अमेजन इंडिया ने आज अपने तीसरे वार्षिक प्रतिधि छात्रवृत्ति कार्यक्रम के लिए छात्रों को सम्मानित करने की घोषणा की। यह कंपनी के डिलीवरी सहयोगियों के बच्चों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल है। इस साल के कार्यक्रम के तहत लगभग 12 सौ छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें वित्तीय मुश्किलों को दूर कर अपनी शैक्षणिक आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। प्रतिधि छात्रवृत्ति ट्यूशन फीस, स्कूल की आपूर्ति और अन्य शैक्षिक खर्चों को कवर करने के लिए 6 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, विकलांग छात्रों को चिकित्सकीय खर्चों, स्कूल की आपूर्ति और पुस्तकों का समर्थन करने के लिए 10 हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलती है। अमेजन ने योग्य उम्मीदवारों की पहचान करने के लिए कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया आयोजित करने के संबंध में बडी 4 स्टडी इंडिया फाउंडेशन के साथ भागीदारी की है। यह छात्रवृत्ति शैक्षणिक योग्यता, वित्तीय आवश्यकता और नेतृत्व क्षमता के आधार पर प्रदान की जाती है। हर योग्य ड्राइवर के अधिकतम दो बच्चे छात्रवृत्ति प्राप्त कर सकते हैं।

# आज कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई, जो अबतक तीन महत्वपूर्ण राष्ट्रीयमुद्दों पर तत्काल चर्चाकरने से मोदी सरकार की हठधर्मिता केकारण विफलरहा है।

*** एक व्यापारिक समूह द्वारा भ्रष्टाचार के खुलासे**
*** मणिपुर में जारी हिंसा और पीएम मोदी का सभी जिम्मेदारियों से मुंह फेरना**
*** उत्तर प्रदेश में सांप्रदायिक तनाव को बढ़ावा देना**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्यसमिति ने चार विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' के सामने आनेवाली चुनौतियां पर चचार्की। कांग्रेसपार्टी जम्मू-कश्मीरको पूर्णराज्य का दर्जा बहाल करने केलिए दबाव बनाना जारीरखेगी। हरियाणा में पाटीर्का प्रदर्शन उम्मीदके विपरीत रहाहै। कांग्रेसको राज्यमें भारीअंतर से सरकार बनानी चाहिएथी, लेकिन ऐसा नहींहुआ। राज्यमें चुनावीगड़बड़ियों ने नतीजेको प्रभावितकिया है, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जासकता। महाराष्ट्रमें कांग्रेस और टश्अ सहयोगियोंका प्रदर्शन समझसे परे और चौंकानेवाला भी है। यह स्पष्टरूप से लक्षित हेरफेरका मामला प्रतीतहोता है। 'भारतजोड़ो यात्रा', 'भारतजोड़ो न्याय यात्रा' और लोकसभा चुनावअभियान के दौरान पाटीर्ने लोगोंके सामने जोमुद्दे रखे, वो लोगोंके दैनिकचिंता के मुद्देहैं, जिन्हें हम और मजबूतीसे उठाएंगे।

* जातिगत जनगणना
* आरक्षण में 50% की सीमा को हटाना
* राजनीतिक संरक्षण से अर्थव्यवस्था पर बढ़ते नियंत्रण
* महंगाई
* बेरोजगारी

CWC मानताहै कि चुनावीप्रक्रिया में गंभीररूप से समझौता कियागया है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव एक संवैधानिक जनादेशहै, जिसे चुनावआयोग की पक्षपातपूर्ण कार्यप्रणाली द्वारा गंभीर सवालोंके घेरेमें लाया जारहा है।

कांग्रेस इन जन चिंताओं को राष्ट्रीय आंदोलन के रूपमँ उठायेगी। - जया शुक्ला

# महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक सेवा के साथ नारीत्व की वैश्विक स्तर पर बनी पहचान

नई दिल्ली, नवंबर : अनुराधा गर्ग, जो हाल ही में मिसेज इंडिया ग्लोब 2024 का खिताब जीतकर लौटी हैं, का घर वापसी समारोह एक भव्य आयोजन के रूप में मनाया गया। यह न केवल उनके अभूतपूर्व सफर का सम्मान था बल्कि महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक सेवा में उनकी भूमिका को भी उजागर करता है। अनुराधा की यह जीत उन्हें चीन में होने वाली प्रतिष्ठित मिसेज ग्लोब प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान करती है। समारोह में अनुराधा ने कहा, मिसेज इंडिया ग्लोब 2024 का ताज पहनना मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों का प्रतीक है। यह खिताब महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करने का एक मंच है। मिसेज इंडिया इंक की राष्ट्रीय निदेशक मोहिनी शर्मा ने अनुराधा की जीत को लचीलापन और सशक्तिकरण का प्रतीक बताया। अनुराधा गर्ग का यह सफर सिर्फ एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है बल्कि भारतीय संस्कृति और मूल्यों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने की उनकी तैयारी का हिस्सा है।

# प्रगति मैदान में आयोजित भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2024 में पंजाब पवेलियन ने विषय की उत्कृष्ट प्रस्तुति और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए दो विशेष प्रशंसा मेडल प्राप्त किए



उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष प्रशंसा मेडल के साथ गणमान्य।

नई दिल्ली, नवंबर : प्रगति मैदान में आयोजित भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2024 के दौरान दर्शकों से भारी सराहना प्राप्त करने वाले पंजाब पवेलियन ने विषय की उत्कृष्ट प्रस्तुति और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए दो विशेष प्रशंसा मेडल प्राप्त किए। मेले का आयोजन करने वाली भारत व्यापार प्रोत्साहन संस्था (आई.टी.पी.ओ) ने मेले के अंतिम दिन देर शाम आयोजित समारोह में ये दोनों मेडल पी.एस.आई.ई.सी के अधिकारियों को प्रदान किए। इस साल मेले की थीम विकसित भारत एटदिरेट 2047 रखा गया था। गौरतलब है कि इस मेले का आयोजन 14 नवंबर से 27 नवंबर तक किया गया था, जिसमें विभिन्न राज्यों ने अपने विकास और उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए पवेलियन स्थापित किए। पंजाब पवेलियन के प्रशासक दविंदरपाल सिंह और उप प्रशासक गुरप्रीत सिंह ने कहा कि पंजाब के पवेलियन को विभिन्न श्रेणियों में दो मेडल मिलना राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि मेले के दौरान केवल पंजाब से आने वाले लोगों ने ही नहीं बल्कि भारत के अन्य राज्यों के लोगों ने भी पवेलियन में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों में गहरी रुचि दिखाई। पंजाब के उद्योग और वाणिज्य मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद के नेतृत्व और पी.एस.आई.ई.सी के चेयरमैन दलवीर सिंह के निदेर्शानुसार, उद्योग, कृषि, हस्तशिल्प, फैशन और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में राज्य की प्रगतिशील पहुंच को पवेलियन के माध्यम से प्रदर्शित करने के लिए पंजाब लघु उद्योग और निर्यात निगम ने अतिरिक्त मुख्य सचिव, इंडस्ट्रीज और कॉमर्स तेजवीर सिंह, डी.पी.एस. खबंर्दा (सीईओ इन्वेस्ट पंजाब), वरिंदर कुमार शर्मा (एमडी), हरजीत सिंह संधू (एएमडी) और कार्यकारी निदेशक भाई सुखदीप सिंह सिद्धू के नेतृत्व में ठोस प्रयास किए।

# भारतीय रेलवे ने यात्रियों के लिए स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन की व्यवस्था की

नई दिल्ली, नवंबर : भारतीय रेलवे (आईआर) ने यात्रियों को स्वच्छ और उच्च गुणवत्ता वाला भोजन प्रदान करने के लिए कई पहल की हैं। यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बेस किचन से भोजन की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। चिन्हित स्थानों पर आधुनिक बेस किचन स्थापित किए गए हैं, जहां सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाती है। भोजन बनाने के लिए ब्रांडेड सामग्री जैसे आटा, चावल, मसाले और डेयरी उत्पादों का उपयोग किया जाता है। भोजन की सुरक्षा और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए बेस किचन में खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। ट्रेनों में आईआरसीटीसी पर्यवेक्षक भी निगरानी रखते हैं। खाद्य पैकेटों पर क्यूआर कोड लगाए गए हैं, जिससे पैकेजिंग की तारीख और रसोईघर का नाम जैसी जानकारी आसानी से उपलब्ध होती है। इसके अलावा, पेंट्री और बेस किचन में नियमित सफाई और हर 15 दिन पर कीट नियंत्रण प्रक्रिया का पालन किया जाता है। खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए हर खानपान इकाई का एफएसएसएआई प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण, थर्ड पार्टी ऑडिट और ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण किए जाते हैं। यात्रियों को क्षेत्रीय, मौसमी, और स्वास्थ्यवर्धक भोजन विकल्प जैसे मधुमेह-हितैषी और बच्चों के भोजन की सुविधा प्रदान की जाती है।

# इंद्राणी मुखर्जी को आइकनगो और संयुक्त राष्ट्र की साझेदारी में रेक्स करमवीर चक्र अवार्ड से सम्मानित किया



अवार्ड से सम्मानित होती इंद्राणी मुखर्जी।

नई दिल्ली, नवंबर : प्रसिद्ध उद्यमी, लेखिका, नृत्यांगना और समाजसेवी इंद्राणी मुखर्जी को 2024-2025 के लिए प्रतिष्ठित रेक्स करमवीर चक्र अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। आइकनगो द्वारा संयुक्त राष्ट्र की साझेदारी में स्थापित यह सम्मान, कला, संस्कृति और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान का जश्न मनाता है। अपने भावुक स्वीकृति भाषण में, इंद्राणी ने नृत्य के माध्यम से अपनी परिवर्तनकारी यात्रा साझा की और बताया कि यह कैसे आत्म-खोज और सामाजिक प्रभाव का माध्यम बन गया। उन्होंने कहा, नृत्य ने मुझे कमजोरियों को स्वीकार करना, सहनशीलता और आत्म-संदेह की परतों को हटाने का साहस सिखाया। उन्होंने बताया कि इस कला ने उन्हें महिलाओं के सशक्तिकरण और सामुदायिक उत्थान जैसे मुद्दों में अपनी ऊर्जा लगाने के लिए प्रेरित किया। इंद्राणी की हालिया प्रस्तुति और प्रोडक्शन, सन किस्ड फीनिक्स, सिर्फ एक कलात्मक प्रयास नहीं था, बल्कि यह मानव आत्मा की अदम्य शक्ति और दृढ़ता का प्रतीक था। उन्होंने कहा, चाहे जीवन हमें कितनी भी बार गिराए, हम सभी के अंदर फिर से उठने की ताकत होती है। आने वाले समय में इंद्राणी अपनी बहुप्रतीक्षित डांस प्रोमो शो, सन किस्ड फीनिक्स लॉन्च करने जा रही हैं, जो कला की परिवर्तनकारी शक्ति का जश्न मनाएगा। यह शो दर्शकों को दृढ़ता और आत्म-खोज का संदेश देकर प्रेरित करेगा।

# उत्तर रेलवे का डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान शुरू

नई दिल्ली, नवंबर : दिल्ली मंडल ने विभिन्न निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के सहयोग से सेवानिवृत रेल कर्मचारियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जिसे जीवन प्रमाण भी कहा जाता है, को बनवाने तथा बढ़ावा देने और सुविधा प्रदान करने के लिए यह पहल आयोजित की है। इसके लिए, विभिन्न स्टेशनों पर शिविरों का आयोजन किया गया है और पेंशनरों को ऑनलाइन मोड के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। दिल्ली मंडल के लेखा और कार्मिक विभाग ने अपने पेंशनरों की सुविधा सुनिश्चित करने और भारत सरकार की डिजिटल इंडिया पहल के अनुरूप यह पहल की है। अभियान ने सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों को लक्षित किया और उन्हें अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करने का एक सुलभ तरीका प्रदान किया।

# सांसदों और संसद को लेकर चिंतित है जनता, चाहती है सदन चले: बिरला



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच शुक्रवार को कहा कि देश की जनता सांसदों एवं संसद के बारे में चिंतित है तथा वह चाहती है कि सदन की कार्यवाही चले। उन्होंने यह टिप्पणी प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों से सदन की बैठक चलने देने की अपील करते हुए की। बिरला ने इस दौरान नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से कहा, देश की जनता चाहती है कि सदन चले। कई माननीय विद्वानों ने लिखा है कि संसद चलनी चाहिए, चर्चा-संवाद होना चाहिए। सहमति और असहमति हमारे लोकतंत्र की ताकत है। उनका कहना था, मैं आग्रह करता हूं कि जनता की भावनाओं और उनकी आशाओं एवं आकांक्षाओं के अनुसार, आप सदन चलाने में सहयोग करें। आज स्वास्थ्य एवं महिलाओं पर प्रश्नकाल में चर्चा हो रही है। प्रश्नकाल आपका समय है। उन्होंने यह भी कहा कि देश की जनता सांसदों और संसद के बारे में चिंता व्यक्त कर रही है और आप सदन चलने दें। बिरला ने विपक्षी सांसदों से कहा, आप अपने स्थान पर जाएं, आपको हर विषय पर नियम-प्रक्रियाओं के तहत चर्चा करने का पर्याप्त अवसर दूंगा। हंगामा नहीं थमने पर लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न करीब 11 बजकर 10 मिनट पर दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी।

# दिल्ली न्याय यात्रा : 50 विधानसभाओं में 450 किलोमीटर की दूरी तय, गरीबों और वंचितों की पीड़ा सुनने में जुटी कांग्रेस








नई दिल्ली, नवंबर : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि 8 नवम्बर से शुरू दिल्ली न्याय यात्रा के पहले तीन चरणों के पड़ाव को पार करने में दिल्ली कांग्रेस के न्याय यौद्धाओं ने पिछले 20 दिनों में 50 विधानसभाओं में 450 किलोमीटर की दूरी तय की। दिल्ली सड़कों पर अपनी अजीविका चला रहे गरीब, मजदूरों, रेहड़ी पटरीवालों, सब्जीवाला, मोची, नाई, पकोड़े वाला, खाने बेचने वालों से सीधा संवाद करके प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान लोगां की पीड़ा, परेशानियों और दर्द को महसूस करके दिल्ली के गरीब, वंचित, मजूदर, श्रमिक, पीड़ित, बेरोजगार, युवा, महिलाओं, वृद्धों को न्याय दिलाने की प्रतिबद्धता जनता के सहयोग से 2025 के चुनाव में विजय हासिल करके निभाऐंगे।

प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने महसूस किया कि केजरीवाल सरकार के कुशासन दिल्ली मॉडल और भाजपा के भ्रष्टाचार राजधानी के विकास की गिरावट के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है। दोनों पार्टियों ने स्वार्थ और राजनीतिक लाभ के चलते लोगों के कल्याण और अजीविका सुनिश्चित करने में अनदेखी की है। पिछले 20 दिनों में दिल्ली न्याय यात्रा में क्षेत्रीय लोगों की भारी उपस्थिति ने साबित कर दिया है कि लोग 2025 में कांग्रेस को सत्ता में वापस लाने के लिए बदलाव चाहते हैं।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि यात्रा के दौरान उन्होंने विभिन्न व्यवसायों, व्यापारों और गतिविधियों से जुड़े हजारों लोगों से चर्चा की, जिनमें रेहड़ी-पटरी वाले, छोटे दुकानदार, छोटे व्यापारी, कबाड़ीवाले, दर्जी, मोची, पेशेवर, शिक्षक, सफाई कर्मचारी, कार्यकर्ता और अन्य सभी वर्ग शामिल थे।

# प्रियंका गांधी ने विपक्षी सदस्यों के साथ दिखाई एकजुटता



**नई दिल्ली।** लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेने के एक दिन बाद शुक्रवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा सदन पहुंची और विपक्षी सदस्यों के साथ एकजुटता दिखाते हुए उनके साथ प्रदर्शन में शामिल हुईं। केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी ने सदन में तब प्रवेश किया जब कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित कई विपक्षी सदस्य संभल हिंसा और अन्य मुद्दों को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। प्रियंका गांधी उनके साथ एकजुटता दिखाते हुए अपनी सीट के पास खड़ी रहीं। विरोध के बीच उन्होंने विपक्षी दलों के सांसदों से मुलाकात भी की और उनका अभिवादन किया। जैसे ही वह अन्य सदस्यों से मिलने के लिए विपक्षी खेमे की अग्रिम पंक्ति के करीब गईं, द्रमुक सांसद कनिमोई को उन्हें अपने साथ बैठने का इशारा करते देखा गया। प्रियंका ने कुछ देर कनिमोई से बातचीत के बाद अन्य सदस्यों का अभिवादन किया। सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भी तृणमूल कांग्रेस और अन्य दलों के सदस्यों के साथ बातचीत करते देखा गया।

# हसनपुर में शिव सैनिकों को पुलिस ने संभल जाने से रोका, किया नजर बंद



**लोकतंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शुक्रवार को पुलिस ने हसनपुर से संभल जामा मस्जिद/हरिहर मंदिर पर जल चढ़ाने को रवाना हो रहे शिव सैनिकों को रोक लिया और नजरबंद कर दिया, बताते चलें कि शिवसेना के प्रदेश हाई कमान द्वारा 29 नवंबर को संभाल के हरिहर मंदिर/ शाही जामा मस्जिद पर जल चढ़ाने के ऐलान के बाद पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आई, इसी क्रम में शुक्रवार को शिवसेना के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव के कैंप कार्यालय पर पुलिस ने सुबह 7 बजे से ही पहरा बैठा दिया, जहा शिवसेना कार्यकर्ता शिवसेना के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव के नेतृत्व में शिवसेना कैंप कार्यालय पर एकत्र होकर संभल जाने की तैयारी कर रहे थे, इसी बीच कस्बा इंचार्ज संदीप मलिक एवं अन्य पुलिसकर्मी शिवसेना के कैंप कार्यालय पर पहुंच गए और संभाल नहीं जाने दिया तथा सभी को नजर बंद रखा, इस संबंध में शिवसेना के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव ने बताया कि प्रदेश हाई कमान के आदेश पर पूरे प्रदेश से आज शिव सैनिक संभल पहुंच रहे हैं लेकिन हसनपुर पुलिस ने हमें अपनी निगरानी में हमारे कैंप कार्यालय में ही नजर बंद कर रखा है वहीं उन्होंने बताया कि संभल में एक दिन हरिहर मंदिर का निर्माण होगा और एक न एक दिन वहां पर शिवसेना के द्वारा जल अवश्य चढ़ाया जाएगा, इस मौके पर शिवसेना के नगर अध्यक्ष विकास यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष राजकुमार सागर, रवि यादव आदि मौजूद रहे।

# हसनपुर में जुम्मे की नमाज को लेकर मस्जिदों पर तैनात रहा पुलिस बल एस डी एम ने किया निरीक्षण



**लोकतंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शुक्रवार को संभल हिंसा के बाद जुम्मे की नमाज को लेकर नगर एवं देहात क्षेत्र में कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए, शुक्रवार को पीएसी और पुलिस बल की भारी मौजूदगी में जुम्मे की नमाज मस्जिदों पर अदा की गई पुलिस प्रशासन ने लगातार लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और चेताया कि यदि कोई भी शरारती तत्व अराजकता फैलाने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएम सुनीता कुमारी एवं अपराध निरीक्षक बालेंद्र यादव ने पुलिस बल के साथ नगर में पैदल मार्च किया और सुरक्षा व्यवस्था परखी, वही ड्रोन कैमरे से भी क्षेत्र की निगरानी की, बताते चलें कि संभल हिंसा के बाद जुम्मे की नमाज को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है, तथा पुलिस किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं वरत रही है, जुम्मे की नमाज को लेकर पुलिस पूरे दिन नगर में गस्त करती हुई नजर आई, एसडीएम की मौजूदगी में अपराध निरीक्षक बालेंद्र सिंह एवं कस्बा इंचार्ज संदीप मलिक ने पुलिस बाल के साथ नगर की सभी मस्जिदों का दौरा किया।

# रहरा पुलिस ने बाइक चुराकर पुर्जे बेचने वाले गिरोह के दो चोरों को करा गिरफ्तार



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर/ रहरा।** शुक्रवार को रहरा थाना पुलिस ने दो मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से चार चोरी की बाइक, एक बाइक का इंजन, एक कटा हुआ इंजन तथा कई बाइको के पुर्जे और एक चोरी की बाइक का चेचिस बरामद हुआ, पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें अग्रिम कार्रवाई हेतु जेल भेज दिया गया, बता ते चलें कि मुखबिर की सूचना पर रहरा थाना अध्यक्ष अलका चौधरी के नेतृत्व में एक टीम ने शातिर चोर शक्ति पुत्र हरि सिंह निवासी ग्राम दोरारा,मनोज पुत्र मोमराज निवासी ग्राम पथरा को गिरफ्तार किया आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह तीन अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मोटरसाइकिल चुराकर उनके इंजन पुर्जे आदि निकालकर अलग-अलग करने के बाद ग्राहकों को बेच देते थे और प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लेते थे, बता दे की शक्ति बाइक मिस्त्री है और उसकी दौरारा में एक दुकान है जहां वह चोरी की बाइक के पुर्जे ग्राहकों को बेच देता था, इस संबंध में थाना अध्यक्ष अलका चौधरी ने बताया कि पकड़े गए दोनो आरोपी शातिर चोर हैं, तथा उनके साथियों की तलाश जारी है और जो आए दिन मोटरसाइकिल चुराकर उनके पुर्जे बेचने का काम करते थे संभावना है कि अब मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में कमी आएगी।

# स्मार्ट फोन से सरकारी योजनाओ को जानकर रोजगार एवं अन्य सेवाए हासिल करें: रीना देवी

**लोकतंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शुक्रवार को चिरंजीलाल कॉलेज आफ एजूकेशन डगरोली मे प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्नातक एवं शिक्षा स्नातक ( बीएड ) के विद्यार्थियो को 98 स्मार्ट फोन वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान निदेशक पुनीत अग्रवाल अध्यक्षा अनुभा अग्रवाल एवं डगरोली की ग्राम प्रधान रानी देवी ने मा सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर निदेशक पुनीत अग्रवाल ने कहा कि सोशल मीडिया के युग मे मोबाइल फोन प्रगति करने के लिए एक सशक्त माध्यम और उपकरण है। हमे अपनी जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिए। इस स्मार्ट फोन के माध्यम से हम दुनियाभर का सर्वांगीण ज्ञान हासिल कर अपनी योग्यता को गुणात्मक कर सकते है। हमे स्वयं के साथ साथ अपने ग्राम ,समाज एवं राष्ट्र के लिए कार्य करना चाहिए। ग्राम प्रधान रानी देवी ने कहा कि हम स्मार्ट फोन के माध्यम से सरकारी योजनाओ को जानकर रोजगार एवं सेवाए हासिल कर सकते है। आनलाइन कोर्सेज के माध्यम से रोजगारपरक कोचिंग फ्री मे लेकर जीवन सफल बना सकते है । अध्यक्षा अनुभा अग्रवाल ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि फोन के माध्यम से सारी दुनिया हमारे हाथ आ गई है , बशर्ते हम स्मार्ट फोन का दुरुपयोग न करे। उन्होने छात्र छात्राओ को शिक्षा की ज्योति से हर अंधकार दूर करने की अपील की। उन्होने कहा कि यह फोन एक स्मृति यन्त्र के साथ साथ धरोहर भी है। इस अवसर पर स्नातक एवं बीएड के तीन



तीन मेरिट प्राप्त विद्यार्थियो को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ राकेश आर्य ने किया। इस अवसर पर प्रेमदेव विनोद गुप्ता राजकुमार कावेन्द्र सिह लोकेश कुमार मनोज शर्मा अतुल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए किया प्रदर्शन



**लोकतंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शुक्रवार को क्षेत्र के गांव भदौरा में ग्राम प्रधान पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने गांव में जोरदार प्रदर्शन किया। ग्राम प्रधान के खिलाफ नारेबाजी की गई। और भ्रष्टाचार की जांच की मांग की गई। शुक्रवार को गांव में एकत्र होकर ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। यहां उपस्थित पूर्व प्रधान मुकेश सिंह ने कहा कि गांव में सफाई एवं सेनिटाइजर छिड़कांव के नाम पर पैसे निकाले जाते हैं, लेकिन गांव में कोई कार्य नहीं कराया जाता। पुराने खड़ंजे में लगी इंटों को उखाड़कर अपने निजी कार्य में लिया गया और बेचा गया है। गांव में एक जाति विशेष के मोहल्ले में सफाई नहीं कराई जा रही और किसी भी तरह का कोई विकास कार्य ग्राम पंचायत निधि से नहीं कराया जा रहा। मुख्य मार्ग पर जलभराव की स्थित बनी हुई है। जिससे ग्रामीणों को घोर परेशानी का सामना करना पड़ता है। आए दिन जलभराव में ग्रामीण गिरते रहते हैं। प्रदर्शन करने वालों में हरलाल सिंह, किरनपाल सिंह, संजय सैनी, जयवीर प्रजापति, शीशपाल सिंह, राजीव कुमार, धर्म सिंह, जगदेव सिंह, सुरेश सिंह, बबलू सैनी, लाखन सिंह, कांशीराम, सूरजीत सिंह, भोले सैनी, जगदीश प्रजापति आदि शामिल रहे।

# फोन आते ही दुल्हन तीन बार बेहोश हुई

**लोकतंत्र की शान**



**लखनऊ।** शिवम मिश्रा मेहंदी लगा लगाकर बैठी बेटी पूछ रही बार-बार की बारात क्यों नहीं आई यह पूरा मामला वजीरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुन्नीलाल शर्मा की बेटी रिचा की शादी वजीरगंज में राम गोपाल शर्मा के बेटे अक्षय शर्मा से 1 साल पहले तय हुई थी शादी के लिए लड़की वालों ने कमता गेस्ट हाउस बुक किया था रिश्तेदार और सगे संबंधी गेस्ट हाउस पहुंचे गए थे शाम बारात पहुंचने से कुछ घंटे पहले लड़के के पिता का फोन आया की मेरा बेटा कहीं चला गया है हम बारात लेकर नहीं आ पाएंगे उसके बाद समधि ने फोन कर लिया स्विच ऑफ जिसके बाद शादी में आए हुए रिश्तेदारों में छाई उदासी लड़की के भाई पुनीत शर्मा ने बोला पिताजी को खबर मिली की बारात नहीं आएगी यह सुनकर के मां भी परेशान हो गई घर में उदासी फैल गई दुल्हन की मां सरिता ने रोते हुए बताया की घर में पूरे मेहमान आये है 500 लोगो के लिए खाना बना है सब खराब हो जाएगा भाई ने कहा पिता जी ने पुरी जीवन की पूंजी लगा दी एक साल से कार रहे थे तैयारी लेकिन अब कुछ मिट्टी में मिल गया पुरा परिवार सदमे में है बेहन बेहोश हो गई शादी का घर मातम में बदल गया हमारा लाखों रूपए खर्च हो गये है लड़के के खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिये वाह पर शादी में आये कैटरिंग वाले ने बताया की 30 सालो में ऐसा पहली बार देखा है दुल्हन जे पिता की तरफ से चिनहट थाने में तेहरीर दी गई मुकदमा दर्ज कराने की मांग की इधर दूल्हे के पिता ने देर रात वजीरगंज थाने में दी जिसमे इंस्पेक्टर वजीरगंज दिनेश चंद्र मिश्रा का कहना है की अक्षय कुमार शर्मा की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई है जाँच की जा रही है।

# उच्च शिक्षा मंत्री ने 12 वें अंतरराष्ट्रीय पुस्तकालय और सूचना पेशेवर सम्मेलन का किया शुभारंभ

**लोकतंत्र की शान/कौशल रस्तोगी**

**लखनऊ।** 29 नवंबर 2024 प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने मुख्य अतिथि के रूप में शुक्रवार को गौतम बुद्ध नगर स्थित गलगोटिया विश्वविद्यालय में 12वें अंतरराष्ट्रीय पुस्तकालय और सूचना पेशेवर सम्मेलन का शुभारंभ किया। यह सम्मेलन गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के सहयोग और भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत राजा राममोहन राय पुस्तकालय फाउंडेशन के समर्थन से आयोजित किया गया है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए पुस्तकालयों को शैक्षिक और सांस्कृतिक प्रगति का आधार बताया। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्थान का हृदय होते हैं। डिजिटल युग में उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है, क्योंकि वे ज्ञान के संरक्षण और प्रसार का एक प्रमुख माध्यम हैं। मंत्री उपाध्याय ने कहा कि यह सम्मेलन न केवल पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देगा, बल्कि इसे एक ऐसा मंच प्रदान करेगा जहां वैश्विक विशेषज्ञ, शोधकर्ता और विचारक विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। उन्होंने इस आयोजन को भारत की शिक्षा और ज्ञान प्रबंधन प्रणाली को वैश्विक स्तर पर मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण




कदम बताया। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली और किफायती शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों को सराहा। उच्च शिक्षा मंत्री ने भारत सरकार की डल्ली Nation, One Subscription ,पहल की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने इसे डिजिटल संसाधनों की व्यापक और सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने वाला एक क्रांतिकारी कदम बताया। उनका मानना है कि इस तरह की पहल शिक्षा और शोध के क्षेत्र में समानता लाने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने पुस्तकालयों की बदलती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल युग ने पुस्तकालयों ने विज्ञान के क्षेत्र में नई चुनौतियों और अवसरों को जन्म दिया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकियां पुस्तकालयों के लिए न केवल नए द्वार खोल रही हैं, बल्कि यह शिक्षा के परिदृश्य को भी नया स्वरूप दे रही हैं। इस वर्ष सम्मेलन का विषय "पुस्तकालय विज्ञान में नवाचारः चुनौतियां और अवसर" है। यह विषय भारत सरकार की डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी परियोजनाओं के उद्देश्यों के साथ पूरी तरह से समर्पित है। तीन दिवसीय इस आयोजन में पुस्तकालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, ब्लॉकचेन तकनीक, इंटरनेट ऑफ थिंग्स ( IoT ), बिग डेटा एनालिटिक्स, नवाचार और शोध डेटा प्रबंधन जैसे आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर गहन चर्चा की जाएगी। यह सम्मेलन पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी, नवाचार और शोध पर चर्चा करने का एक प्रभावी मंच प्रदान करेगा। इसमें शैक्षिक संस्थानों, अनुसंधान संगठनों और उद्योग के विशेषज्ञों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन से प्राप्त विचार और सुझाव न केवल पुस्तकालयों की प्रगति में सहायक होंगे, बल्कि छात्रों, शिक्षकों और शोधकताओं के लिए नई संभावनाओं का सृजन करेंगे।

# उपचुनाव की जीत से विपक्ष भयभीत, 2027 में इससे भी बड़ी होगी भाजपा की विजय : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, 29 नवंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बीजेपी मुख्यालय में आयोजित उपचुनाव में विजयी नवनिर्वाचित विधायकों के अभिनंदन समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित विधायकों, पार्टी कार्यकताओं, मंत्रियों और पदाधिकारियों को उपचुनाव के दौरान मिले दायित्वों को लेकर की गई कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि टीम भावना और एकजुटता के साथ कार्य करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उपचुनाव में बीजेपी को मिली प्रचंड जीत से विपक्षी दल भयभीत हो गये हैं। वो अब बस आरोप ही लगा सकते हैं। योगी आदित्यनाथ ने सभी को आश्वस्त किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा इससे भी बड़ी जीत हासिल करेगी।



**चुनाव से पहले ही बना ली थी जीत की रणनीति**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन और नेतृत्व में एनडीए ने हरियाणा में हैट्रिक लगाई, महाराष्ट्र में भारी बहुमत हासिल किया और उत्तर प्रदेश उपचुनाव में 9 में से 7 सीटों पर विजय प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने चुनाव से पहले ही सात सीटें जीतने की रणनीति बनाई थी, जिसे संगठन और कार्यकताओं ने जमीन पर उतारकर सफल बनाया। योगी ने कुंदरकी और कटेहरी जैसी कठिन सीटों पर जीत को पार्टी की रणनीति और कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि जहां लोग जीत की संभावना पर सवाल उठाते थे, वहां बीजेपी ने न केवल जीत हासिल की बल्कि अपनी स्थिति और मजबूत की। कुंदरकी में 1.45 लाख वोटों से रिकॉर्ड तोड़ जीत इसका उदाहरण है।

**बीजेपी हर चुनौती को अवसर में बदलने का माद्दा रखती है**

मुख्यमंत्री ने पार्टी की विचारधारा और कार्यकताओं के प्रति समर्पण पर जोर देते हुए कहा कि बीजेपी हर चुनौती को अवसर में बदलने का माद्दा रखती है। उन्होंने सातों विधानसभा में मिली जीत को कार्यकताओं और नेताओं के मजबूत प्रयास का नतीजा बताया। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए यह जीत विपक्ष के मन में भय उत्पन्न करेगी। हमें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना होगा और सघन जनसंपर्क के माध्यम से सरकार की योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। इससे 2027 में हमारी सफलता और बड़ी होगी। मुख्यमंत्री ने खैर विधानसभा से विजयी सुरेंद्र दिलेर के पिता पूर्व सांसद और पूर्व विधायक राजवीर सिंह दिलेर का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी हमेशा अपने कार्यकताओं के परिवार के साथ खड़ी रहती है।

**जनता से बेहतर संवाद और संगठन के साथ मिलकर काम करें**

योगी आदित्यनाथ ने नवनिर्वाचित विधायकों का आह्वान किया कि, चूंकि अब उनके पास दो-ढाई साल का ही समय है, ऐसे में वह सभी अपने कार्यकाल में जनता से बेहतर संवाद स्थापित करें और संगठन के साथ मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सफलता से प्रेरणा और असफलता से सबक लेकर आगे बढ़ना है। यदि हम इसी सामूहिक भावना से कार्य करते रहे, तो 2027 में प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलेगा।

# महाकुम्भ को सफल बनाने के लिए ग्राउंड जीरो पर उतारी गई अधिकारियों की टीम

## महाकुम्भ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

**›› मेला क्षेत्र के साथ ही प्रयागराज के अन्य प्रमुख स्थलों मैं आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु दी गई जिम्मेदारी**

**›› रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और होल्डिंग एरिया के लिए भी नोडल, सहायक नोडल और सेक्टर अधिकारियों की तैनाती**

**प्रयागराज, 29 नवंबर।** महाकुम्भ-2025 के दिव्य और भव्य आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को विशेष क्षेत्रों में तैनात किया जा रहा है। इन अधिकारियों पर विभिन्न गतिविधियों की देखरेख और प्रबंधन का दायित्व होगा। इसी क्रम में जिलाधिकारी प्रयागराज के द्वारा अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों के अनुसार कार्यक्षेत्र सौंप दिए हैं। मेला आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से यह आदेश जारी किया गया है।

**क्षेत्र की व्यवस्था देखेंगे अधिकारी**

जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार महाकुम्भ-2025 के किसी भी कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी के आदेशानुसार सभी आवश्यक कार्यवाही के प्रभारी होंगे। वहीं, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनय कुमार सिंह झूसी और आस-पास के क्षेत्र का सम्पूर्ण प्रबंधन देखेंगे। अपर जिलाधिकारी (भूलेख) कुँवर पंकज नैनी और उसके आस-पास के क्षेत्र का कार्य देखेंगे, जबकि अपर जिलाधिकारी (नजूल) प्रदीप कुमार के पास फाफामऊ और आस-पास के क्षेत्र की जिम्मेदारी होगी। अपर जिलाधिकारी (नगर) मदन कुमार को नगर क्षेत्र की सम्पूर्ण देखरेख का जिम्मा दिया गया है तो अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूजा मिश्रा को आईसीसीसी (प्रयागराज मेला प्राधिकरण) में स्थित कंट्रोल रूम का प्रभार सौंपा गया है।

**रेलवे स्टेशन और होल्डिंग एरिया की व्यवस्था का होगा जिम्मा**

इसके अतिरिक्त महाकुम्भ-2025 के प्रमुख स्नान पर्व को सकुशल एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराने हेतु रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों एवं भक्तजनों की भीड़ के दृष्टिगत नोडल/सहायक नोडल अधिकारी, सेक्टरवार अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। पीडीए वीसी अमित पाल शर्मा को प्रयागराज जंक्शन का नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि अपर नगर मजिस्ट्रेट (तृतीय) सुदामा वर्मा को सूबेदारगंज और अपार नगर आयुक्त दीपेंद्र यादव रामबाग रेलवे स्टेशन के नोडल होंगे। इसी तरह, अपर नगर मजिस्ट्रेट (प्रथम) संदीप तिवारी प्रयाग रेलवे स्टेशन, ओएसडी पीडीए संजीव कुमार उपाध्याय फाफामऊ रेलवे स्टेशन, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रेरणा गौतम प्रयाग संगम, अपर नगर आयुक्त अरविंद कुमार राय दारागंज रेलवे स्टेशन के नोडल होंगे। अपर उप जिलाधिकारी सदर गणेश कनौजिया को झूसी रेलवे स्टेशन, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) करछना, जूही प्रसाद को नैनी रेलवे स्टेशन और उप जिलाधिकारी जयजीत कौर को छिंवकी-नैनी रेलवे स्टेशन का नोडल बनाया गया है। ये सभी नोडल, सहायक नोडल अधिकारियों और सेक्टर अधिकारियों के साथ मिलकर व्यवस्था देखेंगे। इसके साथ ही समस्त होल्डिंग एरिया की व्यवस्था हेतु भी नोडल, सहायक नोडल और सेक्टर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है।

# 1068 करोड़ रुपये के निवेश का मार्ग प्रशस्त करेंगे मुख्यमंत्री

## गीडा का 35वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को, सीएम योगी होंगे मुख्य अतिथि

**गोरखपुर, 29 नवंबर।** गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) का 35वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में मनाया जाएगा। इस अवसर पर वर्तमान वित्तीय वर्ष में गीडा की तरफ से 1068 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के सापेक्ष 85 निवेशकों को हुए भूखंडों के आवंटन में से पांच बड़े निवेशकों को खुद मुख्यमंत्री आवंटन प्रमाण पत्र सौंपेंगे। इसके साथ ही वह गीडा के विभिन्न सेक्टरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के 209 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के अलावा गीडा के नाइलिट सेंटर से कौशल विकास का प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को सर्टिफिकेट प्रदान करेंगे। स्थापना दिवस पर सीएम योगी गीडा में लगने वाले दो दिवसीय ट्रेड शो और निवेश मित्र पोर्टल पर इंटीग्रेट होने वाली गीडा की 20 सुविधाओं का भी शुभारंभ करेंगे।

**कौशल विकास का केंद्र बना नाइलिट का गीडा कैम्पस**

पिछले स्थापना दिवस समारोह में गीडा ने नाइलिट (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) से एमओयू कर स्थानीय युवाओं के कौशल विकास के लिए 9280 वर्गमीटर का कैम्पस, निर्मित भवन के साथ निशुल्क उपलब्ध कराया था। नाइलिट का गीडा कैम्पस कौशल विकास का केंद्र बनकर उभरा है। यहां अभी तक 13 पाठ्यक्रमों में 617 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। गीडा के 35वें स्थापना दिवस समारोह में सीएम योगी नाइलिट से प्रशिक्षित पांच युवाओं को सर्टिफिकेट वितरित करेंगे।

**दो दिवसीय ट्रेड शो में बड़ी कम्पनियों के साथ दिखेगा स्थानीय उत्पादों का जलवा**

गीडा की तरफ से स्थापना दिवस पर दो दिवसीय ट्रेड शो का भी आयोजन किया जा रहा है। इसमें बड़ी कम्पनियों के उत्पादों के साथ स्थानीय उत्पादों, खासकर ओडीओपी का जलवा देखने को मिलेगा। स्थानीय उत्पादों को बेहतर मंच देने के लिए मुख्यमंत्री पहले ही निर्देश दे चुके हैं। ट्रेड शो में पेप्सिको, कोका-कोला, अडानी समूह समेत 15 बड़ी कम्पनियों के प्रतिनिधि भी आएंगे। ट्रेड शो के दूसरे दिन एक दिसंबर को तीन तकनीकी सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

# अंबाला

## एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ने मॉकड्रिल कर बाढ़ जैसी आपदा से निपटने का किया पूर्वाभ्यास




बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल के माध्यम से पूर्वाभ्यास करते एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम के सदस्य।

अंबाला, नवंबर : बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के लिए जिला प्रशासन, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ने सैक्टर 10 अम्बाला शहर शहरी सम्पदा अधिकारी के पानी के टैंक में मॉक ड्रिल के माध्यम से बाढ़ के पानी से लोगों के बचाव कार्य का पूर्वाभ्यास किया। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार ने मॉक ड्रिल में की जाने वाली गतिविधियों एवं कार्यो का जायजा लिया और कहा कि ऐसी आपदा में हमें घबराना नहीं चाहिए बल्कि संयम बरतते हुए हमारे आस पास यानि घरों पर जो सामान रहता है उसका प्रयोग करते हुए हम इस आपदा से कैसे बाहर आ सकते हैं उसका प्रयोग करना चाहिए। मॉक ड्रिल के दौरान जिला प्रशासन द्वारा जैसे लोक निर्माण विभाग, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग व बिजली निगम के साथ-साथ अन्य विभागों द्वारा सूचना मिलते ही जो गतिविधियां एवं कार्य किए जाते हैं उसका भी यहां मॉक ड्रिल करते हुए पूर्वाभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल को किए जाने मुख्य मकसद यह था कि ऐसी आपदा में हमें जो कार्य करने होते हुए उस बारे हमें सम्पूर्ण जानकारी हो। इस मौके पर आपदा (बाढ़) आने पर बचाव कार्यों में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों का उन्होंने जायजा लिया।

एनडीआरएफ इंस्पैक्टर अशोक कुमार ने रैसक्यू के दौरान इस्तेमाल होने वाले उपकरण हाईड्रोलिक जैक करवाईट टीप चैनसा, आरआरसा, चीपिंग हैमर, सैल्फ कन्टैन्ट ब्रीफिग ऑप्रेटर और डीप डाईविंग सैट के बारे में एसडीएम दर्शन कुमार को विस्तार से जानकारी दी और मॉक ड्रिल के दौरान बाढ़ ग्रस्त एरिया में लोगों के बचाव कार्य के लिए इस्तेमाल रबड़ बोर्ड, फ्लोरिंग डिवाईज, लाईफ जैकेट का इस्तेमाल करते हुए व घरों में उपलब्ध सामान टायर टयूब, कोल्ड्रींग की खाली बोतले, घी व तेल के खाली डिब्बों से लोगों के रैस्क्यू का डैमो दिखाया गया। डैमो के दौरान एनडीआरएफ की टीम के 25 मैम्बर जिसके कैप्टन लीडर इंस्पैक्टर अशोक कुमार व एसडीआरएफ की टीम के 8 मैम्बर जिनके टीम लीडर एएसआई संजीव, स्वास्थ्य विभाग से डा. एन.के. झा व उनकी टीम, रैडक्रास से डिस्ट्रीक ट्रेनिंग ऑफिसर अंजु कश्यप व उनकी टीम शामिल रही।

## 0755 इंडिया ओपन प्रतियोगिता में अंबाला की कनकप्रीत कौर सबरवाल का अद्भुत प्रदर्शन



कोच गौरव सैनी के साथ कनकप्रीत कौर सबरवाल।

**अम्बाला छावनी :** भोपाल, मध्य प्रदेश में से 28 नवंबर 2024 के बीच आयोजित 10 मीटर राइफल और पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में देशभर से प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह प्रतिष्ठित इवेंट एमपी शूटिंग अकादमी में आयोजित हुआ। अभिषेक राणा शूटिंग अकादमी, अंबाला की कनकप्रीत कौर सबरवाल ने शानदार प्रदर्शन किया । अंबाला निवासी और केवल 14 वर्ष की कनकप्रीत कौर सबरवाल ने प्रतियोगिता में 375 अंकों के साथ तीन गोल्ड मेडल और एक ब्रॉन्ज मेडल जीते। जानकारी देते हुए कोच अभिषेक राणा ने बताया की यह पहली बार नहीं है जब कनकप्रीत ने ऐसा प्रदर्शन किया हो। उन्होंने अक्टूबर में दिल्ली में आयोजित नार्थ जोन शूटिंग कम्पटीशन में भी 2 गोल्ड मेडल अपने नाम किए थे। उनकी काबिलियत को देखते हुए, अब कनकप्रीत का चयन आगामी 67वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जो 13 दिसंबर से दिल्ली में आयोजित होने जा रही है। कोच अभिषेक राणा और कोच गौरव सैनी की देखरेख में कनकप्रीत लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। यह उपलब्धि न केवल अकादमी बल्कि अंबाल के लिए भी गर्व का विषय है। उन्होंने कनकप्रीत को ने उनके उज्ज्वल भविष्य और आगामी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सफलता के लिए शुभकामनाएं।

## गायक सरदूल सिकंदर की याद में 30 नवम्बर को 21वें जागरण में ज्योति प्रज्ज्वलित करेंगे वीरेश शांडिल्य



**अंबाला, नवंबर :** विश्व प्रसिद्ध गायक सरदूल सिकंदर की याद में खन्ना में 30 नवंबर को होने वाले मां भगवती जागरण में एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया एवं विश्व हिंदू तख्त प्रमुख वीरेश शांडिल्य मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित करेंगे। विश्व ख्याति प्राप्त गायक स्व. जनाब सरदूल सिकंदर की पत्नी अभिनेत्री एवं गायिका अमर नूरी ने आज वीरेश शांडिल्य को अंबाला शहर उनके निवास पर आकर निमंत्रण दिया। इस मौके पर जागरण के आयोजक एकता वेलफेयर क्लब के सदस्य भी अमर नूरी के साथ मौजूद थे। वीरेश शांडिल्य ने मरहूम सरदूल सिकंदर की पत्नी अमर नूरी का अंबाला अपने निवास आगमन पर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर पंकज शांडिल्य, सुरेंद्र पाल के के, एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य, संजीव धीमान भी मौजूद थे।

वीरेश शांडिल्य ने इस मौके पर अमर नूरी को माता की चुनरी भेंट कर उनका सम्मान किया। इस मौके पर अभिनेत्री एवं सिंगर और सरदूल सिकंदर की पत्नी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वीरेश शांडिल्य एक सच्चे राष्ट्र भक्त हैं और देशद्रोही ताकतों के खिलाफ अभियान छेड़े हुए हैं और हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई एकता को मजबूत करते हैं और पंजाब की शांति के लिए हमेशा आगे रहते हैं उन्होंने कहा कि आज से 20 साल पहले खन्ना में। इस मौके पर वीरेश शांडिल्य ने कहा कि अमर नूरी भारतीय संस्कृति ,भारतीय सभ्यता को भी मजबूत करने की मुहिम पंजाब में चला रही हैं और आर नूरी पंजाब में। नशे के विरोध में भी अभियान छेड़े हुए हैं और संगीत के साथ ,मुंह बोली के साथ पंजाब के युवाओं को जोड़ने की मुहिम छेड़े रखती है। उन्होंने कहा कि उनका एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया और विश्व हिंदू तख्त अमर नूरी की मुहिम के साथ हैं।

## होली में युवा ग्राम पंचायत हुई



कार्यक्रम के दौरान छात्र व स्टाफ।

मुलाना, नवंबर : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय होली में युवा ग्राम पंचायत का आयोजन किया गया। प्रित पाल सिंह प्रवक्ता राजनीति विज्ञान, सीमा प्रवक्ता पंजाबी, राज कलि प्रवक्ता संस्कृत, अमन कुमार कला अध्यापक ने बच्चों को युवा ग्राम पंचायत की तैयारी करवाई व छात्रों ने कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल से डाइट मोहरा के अधिकारियों ने युवा ग्राम पंचायत की प्रशंसा की। युवा ग्राम पंचायत के माध्यम से बच्चों ने ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली को सीखा। कक्षा ग्यारहवी की तमन्ना ने सरपंच की भूमिका निभाई, दीवंशी, रिंकी, अरमन, दीपीका, पलक व काजल ने पंच की भूमिका निभाई व मीनाक्षी ने सचिव की भूमिका निभाई कुल 56 छात्रों ने युवा ग्राम पंचायत में भाग लिया मौके पर निर्णायक मंडल से अदिति शर्मा, अमरजीत, दिनेश कुमार उपस्थित रहे साथ ही में डाइट मोहरा से राजेश कुमार, विकास कुमार, मनोज कुमार, विद्यालय की प्रधानाचार्या बिमला देवी, प्रित पाल सिंह प्रवक्ता राजनीति विज्ञान, सरपंच बलविंद्र सिंह उपस्थित रहे।

## नारायणगढ़ में 30 साल के डेयरी संचालक की हत्या 3 माह पहले ही शादी हुई थी

**नारायणगढ़ :** साबापुर का 30 वर्षीय मानसिंह जो 26 नवम्बर को निजी काम के लिये पंचकूला गया था लेकिन उसका शव बपौली रक्बा में मिला। गले पर चोट के निशान व मुँह से खुन आ रहा था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताने पर शहजादपुर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज की हत्या कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी अनुसार गांव साबापुर के गुरचरणसिंह ने पुलिस थाना शहजादपुर में शिकायत देकर आरोप लगाया ि कवह दो भाई है सब से बड़ा भाई मानसिंह जो गांव में दुध की डयरी चलाता है। मानसिंह की शादी तीन महिने पहले गांव गदोली जिला यमुंनगर में हई थी। 26 नवम्बर को उसका भाई दोपहर करीब अढाई बजे यह कहा कर गया था कि वह निजी काम के लिए अपनी बाईक से पंचकूला जा रहा हैं आर उसने यह भी कहा कि वह अगले दिन इपनी पत्नी के पास सुबह जायेगा। लेकिन शाम तक न आने पर उसका फोन बार बार करने पर उसका फोन बन्द आ रहा था। अगले दिन सुबह करीब 9 बजे उनके गांव के सरपंच संदीप कुमार ने सुचना दी कि उसके पास गांव बपोली के सरपंच सतीश कुमार का फोन आया था उसके भाई मानसिंह की लाश उसके गांव के रक्बे में पडी हैं इसपर वह सरपंच व परिजनों को लेकर बपोली पहुंचा जहां पर देखा कि उसके भाई का शव उल्टा पड़ा हुआ है और बाईक पास ही सटैंड पर खड़ा था उसके भई के शव के गले पर चोट के निशान थे और मुँह से खुन आ रहा था तथा पास ही उसका मफरल भी पड़ा था। उसका मोबईल भी गसयब था, जेब से कुछ पैसा भी गायब था। इससे लगता है कि इसकी हत्या कर यहा पर गिरया गया हैं । थाना प्रभारी विरेन्द्र वालिया ने बताया कि उन्हे सुचना मिली थी कि गांव बपोली में किसी की लाश पड़ी हैं इसपर मौके पर पहुंचे तो उसके गले पर चोट के निशान है ओर अभी हमने सीन आफ क्राईम टीम बुलाकर जांच करवाई हे और शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनो को सौपकर हत्या का मामला दर्ज कर इसकी तफतीश में अपनी पुलिस व सीआईए पुलिस कार्रवाई कर रही है।

## लॉर्ड महावीर जैन पब्लिक स्कूल में करियर काउंसलिंग



करियर काउंसलिंग सेमिनार में भाग लेते विद्यार्थी।

**अम्बाला छावनी :** लॉर्ड महावीर जैन पब्लिक स्कूल में प्रथम टैस्ट प्रेप चंडीगढ़ द्वारा करियर काउंसलिंग सेमिनार (सत्र )का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा नौवीं व दसवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें मनीष व आदित्य ने विद्यार्थियों को कक्षा दसवीं के बाद विभिन्न संकायों से संबंधित विषयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमें अपने विषय अपनी योग्यता और अभिरुचि के अनुसार ही तय करने चाहिए। आज केवल विज्ञान या वाणिज्य संकाय ही नहीं अपितु कला संकाय में भी रोजगार के सुनहरी अवसर उपलब्ध है। अतः हमें अपने भविष्य को ध्यान में रखकर ही विषयों का चुनाव करना चाहिए। सत्र के अंत में विद्यार्थियों की शंकाओं का निवारण भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रुचि शर्मा ने कहा की ऐसे सत्र का आयोजन विद्यालय में समय-समय पर किया जाता है । जिससे कि विद्यार्थियों की शंकाओं का निवारण हो सके तथा वह सुनिश्चित कर सके कि वह कक्षा दसवीं के बाद किस संकाय में प्रवेश लेकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाना चाहते हैं। यह विद्यालय का कर्तव्य है कि वह अपने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करें।

## मुख्यमंत्री द्वारा नारायणगढ़ में सहकारी शुगर मिल की घोषणा पर क्षेत्र में किया स्वागत



माता बाला सुन्दरी मन्दिर के पुजारी एवं भाजपा नेता आशु गुप्ता।

नारायणगढ़, नवम्बर : प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा नारायणगढ़ में सहकारी शुगर मिल की घोषणा करने पर अपना वादा पूरा करते हुए मुख्यमंत्री ने गुरूग्राम में इसकी घोषणा कर स्थापित करने को कहा। इस पर जहां क्षेत्र के किसान में खुशी की लहर है वही पर लोगो ने इसका स्वागत किया।

पूर्व जिला परिषद के वाइस चेयरमैन एवं कर्मठ नेता पवन गुज्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने किसानों के हित में बड़ा कदम है इसका लाभ सभी किसानों को मिलेगा। पहले किसानों को बिन मांगे धान की फसल पर बोनस देना और अब किसानों को नारायणगढ़ में सहकारी शुगर मिल देने की घोषणा पर यह साबित करता है किवे किसानों के सच्चे हितेषी है । किसान को सही समय पर पेमेंट होने पर जहां बाजार व व्यपार गुलजार होगें।

### मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपना वायदा पूरा किया

**माता बाला** सुन्दरी मन्दिर के पुजारी एवं भाजपा नेता आशु गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विधानसभा चुनावों से पहले 20 अगस्त को नारायणगढ़ में जनआर्शिवाद रैली में सहकारी शुगर मिल लगाने की घेषणा की थी ओर अब उस वादे को पुरा किया है। विपक्ष उस समय बेशक इसे चुनावी जुमला कह रहा थालेकिन अब दोबारा प्रदेश के मुख्यमंत्री बनते ही और बागडोर सम्भालते हुए सहकारी शुगर मिल नारायणगढ़ में स्थामित करने का एलान किया गया है। इससे लगता है कि नायब सैनी किसान हितेषी है।

## अंडरपास के समीप टहल रहे युवक को बाइक सवार ने मारी टक्कर

अम्बाला छावनी, नवंबर : शास्त्री कॉलोनी अंडरपास के समीप बाइक की चपेट में आने से शास्त्री कॉलोनी निवासी दलजीत सिंह बुरी तरह जख्मी हो गए। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में नवनीत सिंह ने बताया कि उसके पिता दलजीत सिंह बीती रात सैर करने के लिए शास्त्री कॉलोनी अंडरपास के समीप टहल रहे थे, तभी एक तेज बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## नारायणगढ़ समाधान शिविर में 32 समस्याएं आई

**नारायणगढ़ :** उपमंडल स्तर पर लघु सचिवालय के कान्फ्रैंस हॉल में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शाश्वत सांगवान ने लोगों की समस्याएं सुनी और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के निवारण के निर्देश दिये। समाधान शिविर में 32 समस्याएं आई जिनमें से अधिकतर का मौके पर ही समाधान कर दिया गया तथा शेष समस्याओं के त्वरित गति से समाधान करने के निर्देश दिए गए। समाधान शिविर में गांव बतौरा के सतपाल ने बेगना नदी के पानी से भूमि कटाव को रोकने के लिए स्टडध्पत्थर की आड लगवाने बारेए नारायणगढ़ की चलती देवीए हुसैनी के तरसेम लालए डेहा बस्ती की परमजीत कौर व प्रीतोए गांव गदौली की सलोनी तथा वार्ड 8 के रवि कुमार ने अपने.अपने परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने का अनुरोध किया। गांव मुगल माजरा के बलदेव सिंह ने विदुर पैंशन लगवानेए गांव मिल्क के अनमोल की दिव्यांग पैंशन लगवाने बारे तथा गांव फतेहपुर.80 के सतपाल और ग्रामवासियों तथा ग्राम पंचायत ने गांव के पास से गुजर रही बेगना नदी से अवैध खनन को रूकवाने का अनुरोध किया। गांव मुकंदपुर की संगीता ने बेरोजगारी भते से सम्बंधितए गांव बधौली के जसबीर सिंह व अंकेश रानी ने रिहायशी प्रमाण पत्र बनवाने से सम्बंधितए वार्ड 10 के अनुराग ने प्रोपर्टी आईडी से सम्बंधितए गांव ककडमाजरा के सुखबीर सिंह तथा कलालमाजरी के ब्रजराज ने जमीन से सम्बंधितए वार्ड 10 के बलजीत सिंह ने जमाबंदी में नाम ठीक करवाने से सम्बंधित अपनी समस्या रखी। गांव नंदूवाली के जगीर सिंह ने खेत में रास्ते से सम्बंधित तथा बिजाई न होने के कारण खाली भूमि में क्षतिपूर्ति से सम्बंधित समस्या रखी। समाधान शिविर में नगरपालिका से एनडीसी बनवाने से सम्बंधित तीन समस्याएं आई जिनका समाधान किया गया। इस अवसर पर डीएसपी मुकेश कुमारए तहसीलदार अभिषेक पिलानिया, नायब तहसीलदार संजीव अत्रि, नगरपालिका के कनिष्ठ अभियंता गुरजीत सिहं, बिजली निगम के जेई सुनील, कमलजीत सैनी, जनस्वास्थ्य विभाग के कनिष्ठ अभियंता जसपाल सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## बच्चों की निगरानी के प्रति गंभीर हों अभिभावक : एसपी लोकेंद्र सिंह



एसपी लोकेंद्र सिंह ।(मोहन लाल)

**पानीपत :** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में समझाएं। इसी के साथ बच्चों को सिखाएं कि अगर कोई भी अनजान व्यक्ति उन्हें किसी प्रकार की मिठाई, चॉकलेट या अन्य खाने-पीने की चीजों का लालच दे, तो वे उसे मना करें और उस व्यक्ति से दूर भागें। किसी प्रकार के खाने.पीने की चीजों का प्रलोभन देकर उनसे अपनी बात मनवाने की कोशिश करता है, तो उसका तुरंत विरोध करें। बच्चों की घर के बाहर खेलते समय पूरी तरह से निगरानी रखें। बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर ही खेलने भेजें और उन्हें यह समझाएं कि वे किसी अनजान व्यक्ति से बातचीत न करें, खासकर अगर वह उन्हें अकेले बुलाए। पानीपत पुलिस इस दिशा में लगातार काम कर रही है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा केवल अभिभावकों का कर्तव्य नहीं है बल्कि यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। हर नागरिक को इस दिशा में अपनी भूमिका निभानी चाहिए और बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में सहयोग देना चाहिए।

## मिशन बुनियाद, सुपर 100 खंड स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम



कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चों को सम्मानित करते अधिकारी (सवेरा)

अंबाला, नवंबर : राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, समलेहड़ी खंड साहा में मिशन बुनियाद तथा सुपर 100 खंड स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सतिंदर सिवाच एसडीएम अंबाला छावनी, अतिथि सुरेश कुमार जिला शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, साहा कृष्ण कुमार उपस्थित रहे। विकल्प फाउंडेशन के ट्रस्टी राजन गोंडल, नवजीवन ढींगरा व सीमा ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई। सर्वप्रथम विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ मगन लाल शर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट करके स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलन से हुआ। इस कार्यक्रम में खंड साहा के लगभग 250 बच्चे अपने अध्यापकों व अभिभावकों के साथ उपस्थित हुए।

इस अवसर पर विकल्प फाउंडेशन द्वारा एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। जिसमें मिशन बुनियाद व सुपर 100 के माध्यम से प्रतियोगिता परीक्षा पास कर विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों में चयनित छात्र व छात्राओं ने अपने अनुभव में प्रेरक विचार साझा किए। जिला शिक्षा अधिकारी अंबाला सुरेश कुमार ने विकल्प फाउंडेशन के तहत मिशन बुनियाद व सुपर 100 कार्यक्रम की प्रशंसा की, उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सरकार की पहल पर 2018 से चल है। अंबाला जिले में पांच बुनियाद केंद्र कार्यरत हैं जिसमें लगभग 300 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, इन्होंने सभी एबीआरसी तथा अभिभावकों को अधिक से अधिक बच्चों के नामांकन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एसडीएम सतिंदर सिवाच ने सभी बच्चों को अपने इरादे बुलंद रखने के लिए कहा अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करें और जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो तब तक प्रयास जारी रखें। इस अवसर पर उन्होंने प्रसिद्ध वैज्ञानिक एडिशन व पूर्व राष्ट्रपति व मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के उदाहरण देकर बच्चों को प्रेरित किया। खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार व विद्यालय प्रधानाचार्य मगनलाल शर्मा ने भी बच्चों को कड़ी मेहनत व लगन से लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मंच संचालन विद्यालय उप प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार व अंग्रेजी प्रवक्ता राजनंदनी ने किया।

## रॉयल एनफील्ड ने गोअन क्लासिक 350 लॉन्च की



**अंबाला :** रॉयल एनफील्ड ने गोअन क्लासिक 350 लॉन्च की है जो 70 और 80 के दशक की गोवा की अनोखी मोटो-संस्कृति से प्रेरित है। यह बॉबर-स्टाइल मोटरसाइकिल आजादी, मस्ती और खुली सोच वाले लाइफस्टाइल की पहचान है। हर कर्व और कंटूर के साथ, गोअन क्लासिक गोवा के कस्टम बिल्डर्स की स्ट्रिप्ड-डाउन और ह्राट्रिप्ड-अपह्ल क्रिएशन से प्रेरित है, जो बॉबर और गोवा की जिंदादिल लाइफस्टाइल के जोश का संगम है। सच्चे बॉबर-प्रेरित डीएनए के साथ, मोटरसाइकिल की विशेषता सिंगल-सीट डिजाइन, फ्लोटिंग राइडर सीट और ट्यूबलेस स्पोक व्हील्स पर व्हाइटवॉल टायर हैं जो बॉबर संस्कृति के जाने-माने कस्टमाइजेशन को दशार्ते हैं।

## हत्या की आरोपी महिला गिरफ्तार

**पानीपत :** सीआईए वन पुलिस टीम ने सोनीपत के खिरजपुर गांव निवासी संदीप की हत्या मामले में फरार चल रही आरोपी महिला अन्नू पत्नी सुनील निवासी गांव सुताना जिला पानीपत को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी महिला में मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने पति आरोपी सुनील व उसके दो अन्य साथी आरोपी दीपक उर्फ गोलू व विनोद निवासी सुताना के साथ मिलकर हत्या की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

## धागा फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**पानीपत :** पानीपत के कृष्णपुरा स्थित एक धागा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। फायर ब्रिगेड की गाडि?ं की मदद से आग को काबू किया गया। वहीं धागा फैक्ट्री में आग रात को लगी थी। माना जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट होने से लगी।

## दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

**पानीपत :** पानीपत के एक गांव में पांच वर्षीय एक बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी पड़ोसी को बुधवार देर शाम को गिरफ्तार किया। आरोपी की उम्र 51 वर्ष है। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने बताया कि आरोपी रिश्ते में बच्ची का दादा लगता है। पूछताछ में आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपी नशा करने का आदी है।

## मारपीट का आरोपी पकड़ा

**मेहर बापौली:** थाना बापौली पुलिस ने दुकान पर मिस्त्री से मारपीट करने मामले में नामजद दूसरे आरोपी आशीष उर्फ आशु निवासी गांव बहरामपुर जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। थाना बापौली प्रभारी सब इंस्पेक्टर जगमहेंद्र ने बताया कि इस मामले में प्रवीन पुत्र तेजपाल निवासी गांव बापौली जिला पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

## जिला प्रशिक्षण केंद्र में स्वास्थ्य कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ की कार्यकारिणी का गठन



बैठक में भाग लेते स्वास्थ्य कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ के सदस्य।

अम्बाला छावनी, नवंबर : जिला प्रशिक्षण केंद्र में स्वास्थ्य कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष अरुण जोशी की व प्रदेश अध्यक्ष स्वास्थ्य कर्मचारी संघ विपिन की अध्यक्षता में जिला अंबाला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिला अध्यक्ष अरुण जोशी ने बताया 23 जुलाई 1955 को भारतीय मजदूर संघ की स्थापना हुई ।

भारतीय मजदूर संघ की कार्यशैली बारे विस्तारित जानकारी दी भारतीय मजदूर संघ देश हित सामाज हित कर्मचारी हित मे कार्य करने वाला देश का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन है । स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विपिन ने अपने सम्बोधन में बताया कि भारतीय मजदूर संघ देश हित श्रमिक हित में 70 सालों से कार्यरत है संगठन की शुरूआत 35 कार्यकर्ताओं ने मिलकर की आज कार्यकताओं की मेहनत के चलते भारतीय मजदूर संघ की सदस्यता 3 करोड़ है जिससे आज विश्व का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन है। जो लगातार देश मे पहले स्थान पर कायम है। बैठक में तरसेम राणा, भारतीय मजदूर संघ प्रदेश कार्यालय प्रमुख जिला कोषाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ संदीप, जिला सचिव दौलत राम, राष्ट्रीय कार्यकारिणी उपाध्यक्ष स्वास्थ्य कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ उपस्थित रहे।

बैठक में अंबाला जिला कार्यकारिणी स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का चयन किया गया, जिसमें जिला अध्यक्ष तरनदीप बक्शी, जिला उपाध्यक्ष बबीता एएनएम, संजीव ईएमटी, जिला सचिव डॉ सुनील हरि, सहसचिव गुरमीत कौर, राकेश कुमार, कोषाध्यक्ष, अमित वालिया, विकास टीबी, मीडिया प्रभारी जतिन यादव, सह मीडिया प्रभारी भवनेश, कार्यालय सचिव विजय एनआरसी, संगठन मंत्री हरिंदर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य में रितु, विजय कुमार डाटा मैनेजर, सचिन फार्मासिस्ट, अर्चना खन्ना, अनीता खन्ना, वनिता महाजन, अदिति को चुना गया।

## ऑनलाइन वर्क के नाम पर 1.52 लाख ठगी

**पानीपत :** पानीपत की न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी हिमांशु बंसल से ऑनलाइन वर्क के नाम पर ठगी हो गई। ठगों ने काम करवा कर कहा कि उसने काम गलत कर दिया है। उसके खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज करवा जा चुका है। इसके बाद उसे मुकदमे से बचाने के नाम पर उन्होंने खातों में 1.52 लाख रुपए ले लिए। खुद के साथ ठगी होने का पता लगने पर उसने मामले की शिकायत थाना साइबर पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन का जन संपर्क कार्यक्रम

**पांचाल गन्नौर :** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित रेल कोच नवीनीकरण कारखाना में उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन का जन संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय मजदूर संघ और उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन ने राष्ट्र हित, रेल हित और कर्मचारी हित को प्राथमिकता देते हुए अनुशासन के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में संगठन ने कर्मचारियों के हित में किए गए अपने संकल्पों को दोहराया। मुख्य मांगों में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, कर्मचारियों के माता-पिता को स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ना, औरसीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्ष को सभी के लिए खोलना शामिल था। पदाधिकारियों ने कहा कि पहले मान्यता प्राप्त संगठनों ने एनपीएस और यूपीएस पर हस्ताक्षर कर कर्मचारियों को ठगा है। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि ओपीएस की मांग को मजबूत करने के लिए उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन को समर्थन दें। वर्कशॉप मंडल के अशोक कुमार, सुशील कुमार, सोहन लाल, शाम ठाकुर, अभिनीत मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया।

# अपराध गोष्ठी: बगहा पुलिस जिले में कम काण्ड का निष्पादन करने वाले 44 पुलिस पदाधिकारियों को चेतावनी देते हुए निदंन की दिया गया सजा- बगहा एसपी

## बगहा पुलिस जिले के 37 पुलिस पदाधिकारियों के सराहनीय कार्यों को लेकर एसपी द्वारा सुसेवांक से किया पुरस्कृत।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बगहा।** पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज के द्वारा माह अक्टूबर 2024 के अपराध गोष्ठी में सभी थाना के थानाध्यक्ष एवं अनुसंधानकर्ता द्वारा किए गये लंबित काण्ड निष्पादन की समीक्षा किया गया। जिसमें एसपी द्वारा कम काण्ड का निष्पादन करने वाले थानाध्यक्ष एवं अनुसंधानकर्ता को चेतावनी तथा निदंन की सजा दिया।जो निम्न हैं। पु०अ०नि० अजय कुमार सिंह,धनहाँ थाना,पु०अ०नि० आभा कुमारी,धनहाँ थाना,पु०अ०नि० सनीश कुमार सिंह,धनहाँ थाना, पु०अ०नि० मोनू कुमार,धनहाँ थाना,पु०अ०नि० गयानंद राय,ठकराहा थाना,पु०अ०नि० संटु कुमार सिंह,पिपरासी थाना,पु०अ०नि० शैलेन्द्र कुमार मिश्रा,सेमरा थाना,पु०अ०नि० श्याम नारायण सिंह,चिउटाहाँ थाना, पु०अ०नि० विरेन्द्र कुमार सिंह,रामनगर थाना,पु०अ०नि० सृष्टि कुमारी,रामनगर थाना,पु०अ०नि० सैयद नादीर ईमाम,रामनगर थाना,पु०अ०नि० उदय सिंह, वाल्मीकिनगर थाना,पु०अ०नि० शंकर कुमार सिंहा,पटखौली थाना,पु०स०अ०नि० अखिलेश कुमार ओझा,पटखौली थाना,पु०अ०नि० प्रमोद कुमार बगहा थाना,पु०अ०नि० ऋषिकांत सिंह,बगहा थाना,पु०अ०नि० अनिल कुमार पासवान,बगहा थाना,पु०अ०नि० अर्जुन प्रसाद,बगहा थाना,पु०नि० संजय सिंह,वाल्मीकिनगर थाना पु०अ०नि० रविशंकर सिंह,वाल्मीकिनगर थाना,पु०अ०नि० शैलेन्द्र कुमार,रामनगर थाना,पु०अ०नि० उपेन्द्र प्रसाद,रामनगर थाना,पु०अ०नि० तेजस्वी कुमार,धनहाँ थाना,पु०अ०नि० अमिताभ नयन राय,धनहाँ थाना,पु०स०अ०नि० शम्भु साह,भितहा थाना, परि०पु०अ०नि० जयप्रकाश कुमार,सोमारा थाना,पु०स०अ०नि० प्रशांत कु० उपाध्याय,चिउटाहा थाना,पु०अ०नि० पवन कुमार,लौकरिया थाना,पु०अ०नि० आशा कुमारी,महिला थाना,पु०अ०नि० राणा रंजीत सिंह,नौरंगिया थाना,पु०स०अ०नि० धर्मेन्द्र कुमार,नौरंगिया थाना, रामजयपाल यादव,पटखौली थाना,पु०अ०नि० राधाकृष्ण राय,पटखौली थाना,पु०अ०नि० विनय कृष्ण,चौतरवा थाना,पु०अ०नि० संतोष कुमार,चौतरवा थाना,पु०अ०नि० सुभाष मॉझी,भैरोगंज थाना,पु०स०अ०नि० जितेन्द्र प्रसाद यादव नदी थाना, पु०अ०नि० अजय कुमार, थानाध्यक्ष नौरंगिया,पु०अ०नि० संजय कु० यादव, थानाध्यक्ष नदी,पु०अ०नि० उदय भानु सिंह, थानाध्यक्ष चिउटाहां,पु०अ०नि० धर्मवीर कु० भारती,थानाध्यक्ष धनहा, पु०अ०नि० जयनरायण राम, थानाध्यक्ष ठकराहा,पु०अ०नि० राकेश कुमार,थानाध्यक्ष भितहाँ, पु०अ०नि० अशोक कुमार, थानाध्यक्ष पिपरासी हैं। एसपी ने बगहा पुलिस जिला के 44 पुलिस पदाधिकारी को चेतावनी तथा निदंन की सजा दिया हैं। दूसरी तरफ एसपी,बगहा सुशांत कुमार सरोज के द्वारा माह अक्टूबर 2024 के अपराध गोष्ठी में सभी थाना के




थानाध्यक्ष एवं अनुसंधानकर्ता द्वारा किए गये लंबित काण्डों का निष्पादन की समीक्षा किया गया।जिसमें निम्नांकित थानाध्यक्षों,अनुसंधानकर्ता द्वारा कार्यों का निष्पादन काफी सराहनीय रहा है। जिसको एसपी द्वारा एक-एक सुसेवांक से पुरस्कृत किया गया है। पुरस्कृत किए गये थानाध्यक्ष एवं अनुसंधानकर्ता के नाम निम्न है, पु०नि० ललन कुमार, पु०नि०-सह-थानाध्यक्ष रामनगर थाना,पु०नि० अनिल कुमार,पु०नि०-सह-थानाध्यक्ष बगहा थाना,पु०नि० संजित कुमार,पु०नि०-सह-थानाध्यक्ष चौतरवा थाना,पु०नि० संजय सिंह, पु०नि०-सह-थानाध्यक्ष वाल्मीकिनगर थाना,पु०अ०नि० अनीश कुमार,थानाध्यक्ष पटखौली थाना,पु०अ०नि० महेश कुमार,थानाध्यक्ष भैरोगंज थाना, पु०अ०नि० पुष्पा कुमारी ट्वींकल,थानाध्यक्ष महिला थाना,पु०अ०नि० शिवशंकर कुमार,थानाध्यक्ष अनु०जाति/जनजाजि थाना,पु०अ०नि० अनिल कुमार गुप्ता थानाध्यक्ष गोवर्धना,पु०अ०नि० कामेश कुमार थानाध्यक्ष बथवरिया,पु०अ०नि० सम्पत कुमार यादव, थानाध्यक्ष सेमरा,पु०अ०नि० अमन कुमार सिंह, थानाध्यक्ष लौकरिया,पु०अ०नि० ललित रजक महिला थाना,पु०अ०नि० सुरेश प्रसाद सिंह पटखौली थाना,पु०अ०नि० महेश कुमार पटखौली थाना,पु०अ०नि० वाल्मीकि प्रसाद चौतरवा थाना,पु०अ०नि० प्रमोद कुमार चौतरवा थाना,पु०अ०नि० संजय पासवान चौतरवा थाना,परि०पु०अ०नि० श्वेत सागर भैरोगंज थाना,पु०स०अ०नि० मंकेश कुमार भैरोगंज थाना,पु०अ०नि० मुकेश कुमार बगहा थाना,पु०अ०नि० सत्येन्द्र कुमार बगहा थाना,पु०अ०नि० मोहित कुमार बगहा थाना, पु०अ०नि० आकांक्षा गौतम बगहा थाना,पु०अ०नि० सिम्पी कुमारी वाल्मीकिनगर थाना,पु०अ०नि० सतीश कुमार रामनगर थाना, पु०अ०नि० संतोष कुमार रामनगर थाना,पु०अ०नि० अजय कुमार रामनगर थाना,पु०अ०नि० फारूक आजम अंसारी रामनगर थाना,पु०अ०नि० मनोज प्रसाद रामनगर थाना,परि०पु०अ०नि० मुकेश कुमार बथवरिया थाना,पु०अ०नि० अवधेश दास (सेमरा थाना,पु०स०अ०नि० अरविन्द तिवारी सेमरा थाना,पु०अ०नि० श्रवण कुमार लौकरिया थाना, पु०अ०नि० अरूण कुमार सिंह धनहा थाना,पु०अ०नि० अनिरूद्ध कुमार,धनहाँ थाना,पु०अ०नि० रशमी कुमारी ठकराहा थाना हैं। एसपी द्वारा बगहा पुलिस जिला के 37 पुलिस पदाधिकारी को सराहनीय कार्यों को लेकर सुसेवांक से पुरस्कृत किया गया।

# नगर विकास मंत्री ने ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस को किया सम्मानित

**जितेन्द्र कुमार सिन्हा,**
**पटना, 29 नवम्बर।** बिहार सरकार के नगर विकास विभाग और विधि विभाग मंत्री नितिन नवीन ने बेहतर सामाजिक कार्य करने के लिए ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उक्त जानकारी वरिष्ठ अधिवक्ता पटना उच्च न्यायालय सह जीकेसी ग्लोबल उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक ने दी। उन्होंने बताया कि चित्रगुप्त पूजा समिति सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन पटना के यूथ हॉस्टल एसोसिएशन में शनिवार को किया गया था। उक्त कार्यक्रम में चित्रगुप्त पूजा समितियों को और उनसे जुड़े पदाधिकारियों सहित कायस्थ




संगठनों को सम्मानित किया गया। ग्लोबल उपाध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक ने बताया कि समाज में लगातार सामाजिक गतिविधियों में सक्रीय रहने के लिए तथा समाज के प्रति समर्पित भाव को देखते हुए ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त सम्मान को ग्लोबल उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक ने ग्रहण किया। नगर विकास विभाग और विधि विभाग मंत्री नितिन नवीन ने अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त सम्मान को प्राप्त करते समय जीकेसी के बिहार प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष निलेश रंजन, पटना उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सह जीकेसी प्रदेश महासचिव संजय कुमार सिन्हा, जीकेसी समन्वयक धनंजय प्रसाद, जीकेसी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव कांत, जीकेसी प्रदेश मानवाधिकार अध्यक्ष डा. नम्रता आनंद, रानेश रोशन, सुजीत कुमार सिन्हा, उपेन्द्र कुमार सिन्हा, शिशिर सिन्हा, विवेक रंजन, आदर्श कुमार, रोहित रंजन, मधुप मनी पीकू, उपेन्द्र प्रसाद, रवि सहाय, ऋषि राज सहित अन्य सदस्यगण शामिल थे।

# एक दिसम्बर को दिल्ली रामलीला मैदान में पहुंच रहा है बेतिया का जत्था।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** संविधान बचाने, वक्फ बोर्ड कानूनों में हस्तक्षेप रोकने, आरक्षण की सीमा 50% से बढाने,जाति जनगणना और ईवीएम हटाने व बैलेट पेपर से चुनाव हेतु 1 दिसम्बर को महारैली दिल्ली रामलीला मैदान में, होने जा रहा है। पूरे देश से लाखों लोग एकजुट भी हो रहे हैं। इस महा रैली में पश्चिम चंपारण जिले से भी भाग लेने हेतु एक दल शुक्रवार को पटना से ट्रेन द्वारा दिल्ली जा रहा है जिसमें समाज के प्रहरी मधुसूदन प्रसाद गुप्ता बेतिया भी शामिल हैं। इनका कहना है कि यह रैली समय का मांग है। चंपारण




की धरती तो पहले से ही आंदोलन कारी की धरती है। मेरा जाना और इस रैली का मकसद भी यही है।

# 30 नवंबर तक चलेगा घर घर कालाजार उन्मूलन अभियान

## प्रा०स्वा०केन्द्र, घोडासहन, पताही, अरेराज एवं रामगढवा को छोडकर सभी प्रखंडो में चलेगा अभियान

**>> जिले में है कालाजार का 24 मरीज जिनमें पीकेडीएल का 05, भीएल का 19 मरीज**

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**मोतिहारी।** जिले के 23 प्रखंडो में कालाजार के उन्मूलन हेतु "हाउस टू हाउस" आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा अभियान चलाते हुए प्रचार गाड़ी के साथ माईकिंग कर खोज किया जा रहा है। यह अभियान 30 नवंबर तक चलेगा, वहीं कालाजार उन्मूलन के कारण जिले के प्रा०स्वा०केन्द्र, घोडासहन, पताही, अरेराज एवं रामगढवा में घर- घर कालाजार उन्मूलन अभियान नहीं चलाया जा रहा है। जिले के डीभीडीसीओ डॉ शरत चंद्र शर्मा ने बताया की आशा कार्यकताओं के उपयोग हेतु कालाजार घर-घर खोज पंजी, रेफरल कार्ड एवं प्रचार प्रसार हेतु बैनर हस्तगत कराया गया है। रूट चार्ट के अनुसार कालाजार से प्रभावित ग्राम के आधार पर 700 रू० प्रतिदिन के दर से माईकिंग कराने हेतु बजट भी उपलब्ध कराया गया है। सभी स्वास्थ्य संस्थानों को जागरूकता हेतु कालाजार से प्रभावित ग्रामों में माईकिंग कराने, संबंधित फोटो, विडियो आदि शेयर करें। डीभीडीसीओ डॉ शर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा कालाजार उन्मूलन लक्ष्य के स्तर को बनाये रखने हेतु कालाजार/ पीकेडीएल/भी एल के छुपे हुए रोगियों की घर-घर खोज कर ससमय जाँच एवं उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। कालाजार होने पर मुख्यमंत्री श्रम क्षतिपूर्ति योजना अन्तर्गत 6600 रुपए और भारत सरकार द्वारा 500 रुपए दिए जाते है वहीं पीकेडीएल उपचार पूर्ण होने पर 4000 रु की सरकारी सहायता दी जाती है। कालाजार रोगियों की खोज के साथ जागरूक कर रहीं है आशा मेहरून्नीसाः आशा मेहरून्नीसा तुरकौलिया प्रखंड क्षेत्र में कालाजार मरीजों की खोज के साथ ही कालाजार से बचाव का संदेश दे रहीं है। मेहरून्नीसा ने लोगों को बताया की कालाजार बालू मक्खी के काटने से होता है, उन्होंने लक्षण देखते हुए लोगों को जाँच कराने की बातें बताइ, साथ ही बचाव हेतु जागरूक कर रहीं है। भीडीसीओ धर्मेंद्र कुमार एवं कसलटेंट अभिषेक कुमार ने बताया की जिले में है कालाजार का 24 मरीज जिनमें पीकेडीएल का 05, भीएल का 19 मरीज है। तुरकौलिया प्रखंड क्षेत्र में आशा मेहरून्नीसा के द्वारा रोगी खोज के दौरान संदिग्ध लोगों से केस हिस्ट्री लिए जा रहें है। उन्होंने बताया की 15 दिनों से अधिक समय बुखार से पीड़ित व्यक्ति जिन्होंने बुखार के दौरान मलेरिया



की दवा अथवा एन्टीबायोटिक दवा का सेवन किया हो एवं उसके बाद भी बुखार ठीक न हुआ हो, भूख की कमी एवं उदर का बड़ा होना जैसे लक्षण हो उन्ही व्यक्तियों की जाँच आर के -39 किट द्वारा किये जाने हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को रेफर किया जाना है। वैसे मरीज जो दो या तीन दिनों के बुखार पीड़ित हो उनका फालोअप 15 दिनो के बाद किया जाना है। उन्होंने बताया की सदर अस्पताल मोतिहारी के साथ जिले के चकिया, मधुबन, कल्याणपुर सदर अस्पताल मोतिहारी में इलाज की व्यवस्था उपलब्ध है, वहीं जिले के सभी पीएचसी में कालाजार की जांच की जाती है।

# टीबी चैंपियन को मिला प्रशिक्षण

## जनसमुदाय में टीबी के प्रति करेंगे लोगों को जागरूक

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**मुजफ्फरपुर।** जिले में यक्ष्मा उन्मूलन को लेकर विभिन्न स्तर पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को केएचपीटी के द्वारा टीबीसी का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ सीके दास और केएचपीटी के जिला समन्वयक दिनकर चतुर्वेदी ने किया। प्रशिक्षण के दौरान टीबी चैंपियन को उनके कार्य के बारे में बताया गया। केएचपीटी के दिनकर चतुर्वेदी ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य टीबी सर्वाइवर को टीबी चैंपियन बनाना है। ये टीबी चैंपियन



हेल्थ एंड वेलनेस से जनसमुदाय को जोड़कर टीबी के प्रति जागरूक करेंगे। इसके साथ ही टीबी रोगियों के परिवारों को साथ में रहते हुए टीबी से बचाव की जानकारी भी देंगे। मौके पर सीडीओ डॉ सीके दास, केएचपीटी के डिस्ट्रिक्ट लीड दिनकर चतुर्वेदी, विजय कुमार, डीपीएस अमिता कुमारी और केएचपीटी की खुशबू कुमारी मौजूद थी।

# विशालकाय मगरमच्छ को देख परिजनो व ग्रामीणों में मची अफरा-तफरी।

## वन कर्मियों व ग्रामीणों ने मगरमच्छ को पकड़कर गंडक नदी में छोडा।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**वाल्मीकिनगर।** भारत-नेपाल सीमा के वाल्मीकिनगर स्थित टिना सेड कॉलोनी निवासी सुनिल कुमार के घर के समीप बासवारी में गुरूवार की देर शाम लगभग 12 फीट का एक विशालकाय मगरमच्छ को देख परिजनों व ग्रामीणों में घंटों तक अफरा-तफरी मची रही।मृत त्रिवेणी कैनाल से निकल कर एक विशालकाय मगरमच्छ टिना सेड कॉलोनी निवासी सुनिल कुमार के दरवाजे के समीप बासवारी में जा पहुंचा।ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वाल्मीकि नगर स्थित वन कार्यालय को दी।इस घटना की सुचना को गंभीरता से लेते हुए वाल्मीकि नगर वन क्षेत्र के रेंजर शिव कुमार राम ने वन कर्मियों की टीम को घटनास्थल पर भेजा।मौके पर वनकमीर्यों की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों की सहयोग कड़ी मशक्कत के बाद विशालकाय मगरमच्छ को सफल रेस्क्यू कर लिया।इस बाबत वाल्मीकि नगर वन क्षेत्र के रेंजर शिव कुमार राम ने बताया कि टिना सेड कॉलोनी में निकले मगरमच्छ को वन कर्मियों ने सफलता पूर्वक रेस्क्यू कर उसे चुलभट्टा जंगल के गया घाट के समीप गंडक नदी में छोड़ दिया है।उन्होनें ने आगे बताया कि



यह इलाका जंगल व गंडक नदी से काफी नजदीक हैं। ऐसे में वन्य जीव कभी कभार भटककर रिहायशी क्षेत्रों में चले आते हैं। लोगों से अपील की है कि सतर्क और सजग रहे।

# रवा ग्राम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

## कथा हृदय की कठोरता को नरम करती है- डॉ राघवाचार्य





■ कोंच

तहसील क्षेत्र के ग्राम रवा में चल रहे श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा में भक्तो का सैलाब जुट रहा है। श्रद्धालु श्रीराम कथा का श्रवण कर रहे हैं। कथा व्यास डॉ स्वामी राघवाचार्य जी महाराज ने व्यासपीठ से कहा, कथा का उद्देश्य हृदय की कठोरता का पिघलना है। तथापि कभी-कभी हंस भी लेना चाहिए, जैसा कि भगवान कृष्ण भी यही कहते हैं कि हंसना कभी-कभी ही होना चाहिए। जहां भी कथा होती है वहां हनुमानजी महाराज अवश्य ही उपस्थित होते हैं और जब तक कथा प्रवाह चलता है, उनके नेत्रों से निरंतर अश्रु निर्झरित होते रहते हैं। उन्होंने रवा की धरती को पावन भूमि बताते हुए कहा, जहां यज्ञ और ज्ञान यज्ञ दोनों आयोजित हैं वह ऐसी पुण्य भूमि है जहां देवताओं का वास है।

भगवान वेदव्यास जी भी कहते हैं, ज्ञान यज्ञ से बड़ा और कोई सत्कर्म नहीं है जिसमें भगवान की कथाओं का गायन और श्रवण होता है। उन्होंने शासन की दो व्यवस्थाएं बताई, एक सरकार और राजा द्वारा शस्त्र से होता है जिसमें भय के कारण आत्मानुशासन होता है जबकि दूसरा शास्त्र सम्मत जिसमें प्राणी खुद से अनुशासित होता है। धर्म एक शाश्वत व्यवस्था है जो मानव के लिए परमात्मा द्वारा निर्धारित की गई है। वेद इसके संविधान हैं जो परमात्मा का शाश्वत संविधान है। वेदों का कोई रचयिता नहीं है क्योंकि इनका सृजन परमात्मा ने किया है। वेद ही समस्त धर्मो का मूल हैं और इन्हीं में सारा ज्ञान समाहित है। अंत में कथा परीक्षित रमा आरपी निरंजन ने पुराण की आरती उतारी।

# एसडीएम ने सरकारी स्कूलों की हकीकत को देखा

**कोंच।** उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने सरकारी स्कूलो की हकीकत जानने के लिए क्षेत्र के ग्राम नरी, सुनाया, कौशलपुर, मंगरा आदि गाँव के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया।



स्कूलों का निरीक्षण करते हुए एसडीएम ने स्कूल भवन के रख रखाव को देखा। उन्होंने कक्षों, रसोई घर और शौचालय में साफ़ सफ़ाई, रंगाई पुताई सहित बिजली, साफ़ पेयजल, फर्नीचर, आदि की व्यवस्था देखी। बच्चों के खेलने के लिए मैदान और आने जाने के रास्ते को भी देखते हुए एसडीएम ने दिव्यांग बच्चों हेतु रैंप बनी है अथवा नहीं, इसको भी देखा। रसोई में मिड डे मील योजना के अंतर्गत बच्चों को बनाये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता परखी। निरीक्षण के दौरान स्कूलों में नियुक्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति तो पूरी मिली लेकिन बच्चों की उपस्थिति बहुत अच्छी नहीं मिली। एसडीएम ने अधिक से अधिक संख्या में पंजीकृत बच्चों को प्रतिदिन निर्धारित ड्रेस में स्कूल लाए जाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने शिक्षण व्यवस्था परखने के लिए कक्षा में जाकर बच्चों से पाठ्यक्रम से संबंधित और व्यवहारिक ज्ञान से जुड़े प्रश्न भी पूछे।उन्होंने निर्देश दिए कि प्रतिदिन निर्धारित मैन्यू के अनुरूप बच्चों को मिड डे मील योजना के तहत भोजन दें। साफ़ सफ़ाई व्यवस्था चकाचक रखें।

# पालिकाध्यक्ष पहुंचे गौशाला, देखी व्यवस्थाएं

**कोंच।** नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने महंत नगर क्षेत्र में स्थित कान्हा गौशाला, नंदी शाला सहित पास में ही बने डॉग केयर सेंटर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखी। निरीक्षण में जो कुछ कमियां सामने आयीं, उन्हें दूर किए जाने के लिए पालिकाध्यक्ष ने गौशाला की देखरेख करने वाले कर्मचारियो को निर्देश दिए।कान्हा गौशाला और नंदी शाला में पालिकाध्यक्ष ने साफ़ सफ़ाई व्यवस्था परखते हुए परिसर की पानी से धुलाई कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने गौवंशों के खाने के लिए प्रयुक्त भूसा की गुणवत्ता देखी और प्रतिदिन हरा चारा डाले जाने के निर्देश दिए। पीने का हर रोज साफ़ पानी भरे जाने, सर्दी से बचाव के लिए समुचित प्रबंध किए जाने और बीमार गौवंशों का तत्काल इलाज कराये जाने के भी निर्देश उन्होंने दिए। गौशाला के नजदीक खाली पड़े मैदान में प्रतिदिन गौवंशों को दिन के समय छुट्टा कर उन्हें स्वच्छंद विचरण कराये जाने के लिए पालिकाध्यक्ष ने निर्देशित किया। डॉग केयर सेंटर में जाकर भी उन्होंने व्यवस्थायें परखी। सेंटर का गेट टूटा हुआ पड़े होने पर उन्होंने शीघ्र ही गेट ठीक कराने के एसआई हरीशंकर निरंजन को निर्देश दिए।



## सार संक्षेप

### जैकलीन जीन-क्लाउड वैन डेम और मिस्टर बीस्ट के साथ किया कोलैबरेशन



**मुंबई :** बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा एवं पूर्व मिस श्रीलंका जैकलीन फर्नांडिस ने हॉलीवुड फिल्म किल 'एम ऑल 2 में दिग्गज अभिनेता जीन-क्लाउड वैन डेम के साथ काम करके एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। जैकलीन ने अपने टैलेंट और ग्लैमर के दम पर फैंस के दिलों में खास जगह बनाई है। इस साल उन्होंने न केवल अपने करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान भी मजबूत की है। जैकलीन इस फिल्म में उनकी दमदार परफॉर्मेंस ने साबित किया है कि वे ग्लोबल मंच पर अपनी अलग पहचान बनाने में सक्षम हैं। इसके अलावा जैकलीन ने स्टॉर्मराइडर म्यूजिक वीडियो के जरिए अपनी सिंगिंग प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया। यह गाना दर्शकों के बीच हिट रहा और उनके फैंस ने उनके इस नए अवतार को खूब सराहा। उनकी यह बहुमुखी प्रतिभा उन्हें बॉलीवुड की पारंपरिक सीमाओं से आगे ले जाती है।

### भारत देश और दुनिया में स्थापित करेगा कई नए कीर्तिमान

**जयपुर:** भारत अगले वर्ष अप्रैल के बाद से देश और दुनिया में कई नए कीर्तिमान स्थापित करेगा और विश्व में उसका दबदबा होगा जबकि अमरीका का विश्व स्तर पर दबदबा कम होगा। ऑलमाइटी इंटरनेशनल द्वारा राजधानी जयपुर में गुरुवार को सम्पन्न राष्ट्रीय स्तर का एक दिवसीय ज्योतिष सम्मेलन में ज्योतिष विशेषज्ञों के मंथन में यह भविष्यवाणी की गई। सम्मेलन में पंडित सतीश शर्मा, दिल्ल ी से अजय भांबी, कानपुर से के ए दुबे और पुरुषोत्तम गौड़ ने 'भारत के भविष्य' पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अगले वर्ष अप्रैल के बाद से विश्व स्तर पर अमरीका का दबदबा कम होगा और भारत देश और दुनिया में कई नए कीर्तिमान स्थापित करेगा चाहे वो वित्तीय प्रभंधन हो, शिक्षा हो, युवओं के लिए रोजगार या मेडिसिन हर तरफ भारत का ही दबदबा होगा।

### प्रियंका संसद में बनेंगी महिलाओं की सशक्त आवाज: खड़गे

**नई दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि गांधी संसद में देश की जनता और खासकर महिलाओं की सशक्त आवाज बनेंगी। खड़गे ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि प्रियंका गांधी वाड्रा संसद में देश के लोगों की, ख़ासकर महिलाओं की सशक्त आवाज बनेंगी। उनका कुशल नेतृत्व, करुणा, साहस, शालीनता और दृढ़ संकल्प तथा संविधान के सिद्धांतों के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता देश की जनता को लाभ पहुंचाएगी। गौरतलब है कि वाड्रा केरल की वायनाड संसदीय सीट पर हुए उपचुनाव में भारी मतों से जीतकर आई हैं और वह पहली बार संसद सदस्य बनीं हैं। उन्होंने आज लोकसभा की सदस्यता की शपथ ली और कहा कि वह संसद में जनता के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाएंगी।

### 'ट्रम्प प्रस्तावित टैरिफ से उत्तरी अमेरिकी नौकरियों को खतरा'

**मेक्सिको सिटी:** अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का मेक्सिको और कनाडा पर टैरिफ लगाने का प्रस्ताव क्षेत्रीय रोजगार बाजार के लिए खतरा तथा आर्थिक अनिश्चितता पैदा कर सकता है। मैक्सिकन रिपब्लिक के नियोक्ता परिसंघ (कोपरमेक्स) ने बुधवार को यह चेतावनी दी। कोपरमेक्स ने गुरुवार को कहा कि श्री ट्रम्प की बार-बार टैरिफ धमकियां क्षेत्र की आर्थिक स्थिरता को प्रभावित करेंगी और अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा समझौते की 'सहयोग और समझ की भावना के लिए एक सीधी चुनौती' पेश करेंगी। परिसंघ ने कहा, ''टैरिफ धमकियां रणनीतिक क्षेत्रों में अनिश्चितता पैदा करती हैं और तीन देशों के बीच व्यापार पर निर्भर लाखों नौकरियों को खतरे में डालती हैं। गौरतलब है कि श्री ट्रम्प ने सोमवार को दोहराया कि अमेरिका मेक्सिको और कनाडा, अपने दो मुख्य व्यापारिक साझेदारों से आने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा सकता है, जब तक कि वे आव्रजन या ड्रग तस्करी जैसे मुद्दों को हल नहीं कर लेते। वहीं, इस सप्ताह की शुरुआत में ट्रम्प को संबोधित एक पत्र में, मैक्सिकन राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो उनका देश अमेरिकी सामानों पर टैरिफ लगाकर जवाबी कार्रवाई करेगा।

# देश की सुरक्षा के लिए मजबूत और आत्मनिर्भर रक्षा क्षेत्र जरूरी: जनरल चौहान

● नई दिल्ली,

**प्रमुख** रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने आज जोर देकर कहा कि भारत प्रगति तथा समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ रहा है और देश के सुरक्षा परिदृश्य को एक मजबूत और आत्मनिर्भर रक्षा क्षेत्र की आवश्यकता है।

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष गुरूवार को यहां सेंटर फॉर जॉइंट वारफेयर स्टडीज और इंडियन मिलिट्री रिव्यू द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित रक्षा साझेदारी दिवस के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि आज भारत वैश्विक आशावाद के केंद्र में है। हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। जैसे-जैसे हम प्रगति और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं, हमारा मानना ??है कि आत्मनिर्भरता और स्वदेशी रक्षा क्षमताएं स्थायी शांति की नींव हैं। भारत के सुरक्षा



परिदृश्य को एक मजबूत और आत्मनिर्भर रक्षा क्षेत्र की आवश्यकता है। जनरल अनिल चौहान ने इस बात पर जोर दिया कि सभी हितधारकों को जोड़ने वाला एक सामान्य सूत्र राष्ट्रीय हित है। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रीय हित का बंधन सभी तत्वों को एक साथ नहीं बांधता है तो स्वदेशीकरण की अवधारणा पूरी नहीं होगी। रक्षा क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए विभिन्न सुधारों और पहलों का उल्लेख करते हुए जनरल चौहान ने कहा कि भारत ने सुधारों के माध्यम से अपने रक्षा उद्योग को खोल दिया है। इसने इसे निजी उद्योग, संयुक्त उपक्रम, एफडीआई आदि के लिए खोल दिया है।



गुरुवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के देहरादून पहुंचने पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने उनका स्वागत किया।

# रूस ने यूक्रेन पर दागे मिसाइलें-ड्रोन

## 188 मिसाइल्स और ड्रोन से यूक्रेन के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर किया हमला

### राजधानी कीव पर ड्रोन के बाद किया मिसाइल अटैक

● नई दिल्ली, एजेंसी

**रूस** ने 188 मिसाइल्स और ड्रोन से यूक्रेन के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक चर पर हमला किया है। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री ने बताया, हमले की वजह से देश में ऊर्जा के लगभग सारे साधन ठप पड़ गए हैं। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन में लगभग 10 लाख लोगों को 0 डिग्री तापमान में बिना बिजली के रात गुजारनी पड़ी। हालांकि, अभी तक रूस ने इस बारे में कोई बयान नहीं दिया।

यूक्रेनी ऊर्जा मंत्री हरमन हालुशेंको का कहना है कि, यूक्रेन में एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर अटैक हो रहे हैं, इस वजह से नेशनल पावर ग्रिड के ऑपरेटर ने इमरजेंसी बिजली कटौती शुरू कर दी है। कीव, ओडेसा, निप्रो और डोनेट्स्क में बिजली सप्लाई में मुश्किल हो रही है। रूस ने फरवरी 2022 के बाद से कई बार यूक्रेन के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला किया है, इस वजह से बार-बार देश भर में इमरजेंसी बिजली कटौती और रोलिंग ब्लैकआउट की स्थिति पैदा हुई है। रूस की तरफ से यूक्रेन की राजधानी कीव पर भी हवाई हमले जारी हैं। खास बात यह है कि रूस अब ड्रोन की जगह मिसाइल से अटैक कर रहा है। यूक्रेनी मिलिट्री का कहना है कि कीव में रूस के



सभी मिसाइल और ड्रोन अटैक को नाकाम कर दिया गया। हालांकि, कुछ मीडिया आउटलेट्स का कहना है कि कीव के लोगों को लगभग हर रात ड्रोन हमलों का सामना करना पड़ रहा है। कीव में अभी भी इमरजेंसी बिजली कटौती चल रही है।33 महीनों से जारी जंग के बीच कुछ दिन पहले ही रूस ने पहली बार यूक्रेन के निप्रो शहर पर हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है। वहीं, यूक्रेन ने रूस पर पश्चिमी देशों से मिले खतरनाक हथियार दागे हैं। ब्रिटेन ने हाल ही में यूक्रेन को स्टॉर्म शैडो मिसाइलों की नई खेप भेजी है। स्टॉर्म शैडो की रेंज 250 किमी से ज्यादा है। इसका इस्तेमाल 2000 के दशक की शुरूआत से किया जा रहा है। इसके जवाब में रूस ने यूक्रेन पर मध्यम दूरी की नई हाइपरसोनिक मिसाइल 'ओरेशनिक' दागी थी। यूक्रेनी नेवी का कहना है कि रूस की नौ सेना ने ब्लैक सी में कॉम्बैट ड्यूटी के लिए चार कैलिबर कैरियर शिप को तैनात किया है, जिनमें 22 मिसाइल्स हैं।

# दरगाह में मंदिर ढूंढना किसी के हित में नहीं: महबूबा

### कश्मीर के प्रमुख नेताओं ने अजमेर शरीफ दरगाह के सर्वेक्षण की निंदा की

● श्रीनगर,

**कश्मीर** के प्रमुख नेताओं ने राजस्थान की एक अदालत की ओर अजमेर शरीफ दरगाह के सर्वेक्षण की मांग करने वाली याचिका पर नोटिस जारी करने के एक दिन बाद गुरुवार को गंभीर चिंता व्यक्त की।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने दावा किया कि मुस्लिम धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने से और अधिक रक्तपात हो सकता है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि भारत के एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश की बदौलत भानुमती का पिटारा खुल गया है, जिससे अल्पसंख्यक धार्मिक स्थलों के बारे में विवादास्पद बहस छिड़ गई है। वर्ष 1947 में मौजूद यथास्थिति को बनाए रखने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के बावजूद, उनके फैसले ने इन स्थलों के सर्वेक्षण का मार्ग प्रशस्त किया है, जिससे हिंदुओं और मुसलमानों के बीच तनाव बढ़ सकता है। मुफ्ती ने पूछा कि उत्तर प्रदेश के संभल में हाल ही में हुई हिंसा इस फैसले का सीधा



परिणाम है। पहले मस्जिदों और अब अजमेर शरीफ जैसे मुस्लिम धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है, जिससे और अधिक रक्तपात हो सकता है। सवाल यह है कि विभाजन के दिनों की याद दिलाने वाली इस सांप्रदायिक हिंसा की जिम्मेदारी कौन लेगा? गौरतलब है कि राजस्थान की एक अदालत ने बुधवार को प्रसिद्ध अजमेर शरीफ दरगाह के सर्वेक्षण की मांग करने वाली याचिका पर केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और अजमेर दरगाह समिति को नोटिस जारी किया। यह याचिका हिंदू सेना प्रमुख विष्णु गुप्ता ने दायर की थी। पीडीपी प्रमुख ने कहा कि महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और मौलाना आजाद ने जिस भारत की कल्पना की थी, वह नफरत, भय और विभाजन से टूट रहा है।

### सऊदी अरब में मेट्रो का पहले चरण लॉन्च

**रियाद:** सऊदी अरब की राजधानी रियाद में मेट्रो ट्रेन का पहला चरण लॉन्च किया गया है। राजधानी में मेट्रो की शुरुआत सार्वजनिक परिवहन परिदृश्य को नया आकार देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। एसपीए के अनुसार, सऊदी सुल्तान ने बुधवार को इस परियोजना का उद्घाटन किया, जिसके रियाद के सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क की रीढ़ बनने की उम्मीद है। रियाद मेट्रो में 176 किलोमीटर तक फैली छह ट्रेन लाइनें और चार मुख्य केंद्रों सहित 85 स्टेशन शामिल हैं। एसपीए ने बताया कि तीन लाइनें एक दिसंबर को जनता के लिए खुलेंगी। सुल्तान ने कहा कि रियाद सार्वजनिक परिवहन परियोजना राजधानी की वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं पर रियाद शहर के लिए रॉयल कमीशन द्वारा किए गए अध्ययनों के बाद शुरू की गई है।

### कश्मीर में बढ़ा ठंड का प्रकोप

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में गुरुवार को तापमान शून्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, जबकि शोपियां और पहलगाम में तापमान क्रमश: शून्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस नीचे और शून्य से 5.0 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। ये सबसे ठंडे स्थान रहे। मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) के अनुसार श्रीनगर में मौसम की सबसे ठंडी रात रही क्योंकि बुधवार देर रात तापमान शून्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया जबकि पिछली रात यह शून्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस था, जो राजधानी के लिये औसत से 1.7 डिग्री सेल्सियस कम है। पहलगाम के पर्यटन स्थल में गुरुवार को तापमान शून्य से 5.0 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि पिछली रात तापमान शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

### दीवार ढहने से तीन मजदूरों की मौत

**जयपुर:** राजस्थान में जालोर जिले के सायला थाना क्षेत्र के पोषाणा गांव में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में निर्माणाधीन दीवार गिरने से तीन मज़दूरों की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पोषाना में कमरा निर्माण का कार्य चल रहा था जहां आज उसकी नींव की खुदाई के दौरान पास में बनी हुई दीवार अचानक ढह गई और मजदूर उसके नीचे चार मजदूर दब गए। घटना में मोहनराव, भैराराव एवं बीरमाराव की मौत हो गई जबकि जगदीश घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और अन्य मजदूरों ने मलबे में दबे सभी मजदूरों को बाहर निकाला। सभी श्रमिक बाड़मेर जिले के बताए जा रहे हैं। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।



गुरुवार को शीतकालीन सत्र के दौरान संसद भवन में समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव और डिंपल यादव।

# इस्कॉन ने चिन्मय प्रभु को सभी पदों से हटाया

### अनुशासनहीनता के आरोप लगाए, जयशंकर ने मोदी को हालात की जानकारी दी

● ढाका, एजेंसी

**बांग्लादेश** इस्कॉन ने गुरुवार को चिन्मय प्रभु को सभी पदों से हटा दिया। संगठन के जनरल सेक्रेटरी चारू चंद्र दास ब्रह्मचारी ने अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी गतिविधियों को इस्कॉन से कोई ताल्लुक नहीं है।

दास ने यह भी बताया कि चिन्मय की गिरफ्तारी के लिए हुए प्रदर्शनों में वकील सैफुल इस्लाम अलिफ की मौत से भी उनके संगठन का कोई ताल्लुक नहीं है। इससे पहले दोपहर में ढाका हाईकोर्ट ने



इस्कॉन पर बैन लगाने की मांग को खारिज कर दिया। अदालत में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा कि इस्कॉन की गतिविधियों के खिलाफ हमने जरूरी कदम उठाए हैं। यह मुद्दा सरकार की प्राथमिकता है। सरकार ने कहा कि इस्कॉन के मामले में अभी तक 3 केस दर्ज किए गए हैं और 33 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सेना को देश में किसी भी तरह की अशांति को रोकने के लिए तैनात किया गया है।इस पर कोर्ट ने कहा कि यह सरकार तय करेगी। दरअसल, इस्कॉन मंदिर के प्रमुख चिन्मय कृष्ण दास प्रभु की राजद्रोह में गिरफ्तारी के बाद वहां संगठन को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। दास को जेल भेजे जाने के बाद बांग्लादेश में कई जगहों पर हिंसा हुई है। साथ ही इससे बांग्लादेश और भारत सरकार के रिश्तों में भी दरार आई है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बांग्लादेश में इस्कॉन मामले को लेकर ढट नरेंद्र मोदी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से बातचीत की है। विदेश मंत्री ने उन्हें वहां के हालात की जानकारी दी। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस पर कहा कि वे इस मामले पर केंद्र के साथ हैं।

# विपक्ष ने नहीं चलने दी लोकसभा की कार्यवाही

## अडानी मामले पर चर्चा की मांग और संभल में हुई हिंसा को लेकर विपक्ष ने किया हंगामा

● नई दिल्ली,

**अडानी** मामले पर चर्चा की मांग और संभल में हुई हिंसा को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण लोक सभा की कार्यवाही गुरुवार को दिन भर के लिये स्थगित कर दी गयी।

गुरुवार दोपहर 12 बजे जैसे ही सदन पुनः समवेत हुआ, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्य अपने-अपने स्थानों पर खड़े होकर शोरगुल और हंगामा करने लगे। वे अडानी मामले पर चर्चा की मांग और संभल हिंसा को लेकर नारेबाजी और हंगामा करने लगे। कुछ सदस्य सदन के बीचोंबीच आकर शोरगुल करने लगे। सपा सदस्य नारेबाजी करते हुये



कह रहे थे कि संभल के हत्यारों को फांसी दो, लाठी-गोली की सरकार नहीं चलेगी। इस बीच, पीठासीन अधिकारी कृष्ण प्रसाद तेन्नटी ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाये।

विपक्ष के हंगामे के लगातार जारी रहने पर निराशा व्यक्त करते हुये संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शोरगुल के बीच कहा कि सभी दलों की बैठक में सदन में विधेयकों पर चर्चा कराने और उन्हें पारित कराने का उचित समय तय किया गया था। अन्य मुद्दों को लेकर भी नियम बनाये जा रहे हैं। विपक्षी सदस्य नियमों को तोड़ रहे हैं। विपक्ष के इस व्यवहार की वह निंदा करते हैं। रिजिजू ने कहा कि सदस्यों को सदन में अपने-अपने क्षेत्र की बात कहने का मौका मिलता है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के साथी हंगामा करके सदन की कार्यवाही में बाधा डाल रहे हैं, यह उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को लेकर बनी संयुक्त समिति को रिपोर्ट देने का समय बढ़ाने की मांग को भी सरकार ने मान लिया है। इसके बावजूद कांग्रेस और विपक्षी दलों के सदस्य हंगामा करके सदन के कामकाज में बाधा डाल रहे हैं जो उचित नहीं है। श्री रिजिजू के इस वक्तव्य के बाद भी विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा। पीठासीन अधिकारी तेन्नटी ने हंगामा कर रहे सदस्यों से शोरशराबा बंद कर सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलने देने का आग्रह किया, लेकिन शोरगुल नही थमा। इस पर पीठासीन अधिकारी ने सदन की कार्यवाही शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिये स्थगित कर दी। इससे पहले पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही अडानी मामले में बहस कराने की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी।



गुरुवार को किरण जुनेजा सिप्पी को गोवा में 55वें आईएफएफआई 2024 में 'युवा और सिनेमा: रचनात्मक भविष्य के लिए एस्पिरेंट्स को सशक्त बनाना' विषय पर मास्टरक्लास के दौरान सम्मानित किया गया।

संपादकीय

# अजमेर दरगाह पर दावा

**संभल** जामा मस्जिद का मामला अभी गरम है। ऐसे में राजस्थान में अजमेर की एक कोर्ट ने हिंदू सेना की उस याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है, जिसमें दावा किया गया है कि ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह एक शिव मंदिर के ऊपर बनी है। अजमेर वेस्ट सिविल जज सीनियर डिवीजन मनमोहन चंदेल की कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए 27 नवंबर को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय, दरगाह कमेटी और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को नोटिस जारी किया है। विष्णु गुप्ता नामक व्यक्ति ने यह दावा 1911 में लिखी एक किताब के आधार पर किया गया है। हरबिलास सारदा ने लिखी अपनी किताब में दरगाह के मंदिर पर बने होने का ज़िक्र किया है। विष्णु गुप्ता ने साल 2011 में हिंदू सेना की स्थापना की थी। ये संगठन हिंदुत्व के मुद्दे उठाने के लिए चर्चाओं में रहता है। किसी पूजा स्थल पर कोई अपना दावा न करे, इसके लिए 1991 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 'प्लेसेज ऑफ वर्शिप ऐक्ट' यानी पूजा स्थल कानून पारित हुआ। इसे स्पेशल प्रोविजन के तहत बनाया गया था। इस कानून के मुताबिक 15 अगस्त 1947 से पहले भारत में जिस भी धर्म का जो पूजा स्थल था, उसे किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में बदला नहीं जा सकता। अगर कोई ऐसा करने का प्रयास करता है, तो उसे तीन साल तक की जेल और जुर्माना हो सकता है। इस कानून में यह भी प्रावधान है कि दूसरे धर्म के कब्जे के सबूत मिलने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है। यह कानून 1990 के दशक में तब लाया गया, जब देश भर में राम मंदिर आंदोलन जोर पकड़ रहा था। अयोध्या के अलावा वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद पर भी हिंदू पक्ष अपना दावा जता रहे थे। क्योंकि अयोध्या का राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद पहले से ही कोर्ट में था इसलिए 1991 के कानून में इसे छूट दे दी गई और बाकी जगहों पर सांप्रदायिक सद्भाव खराब न हो, इसलिए यह कानून बना दिया गया। इस कानून में 15 अगस्त, 1947 की डेट कटऑफ के तौर पर तय कर दी गई। क्या 1991 का पूजा स्थल कानून सिर्फ कागजी है? क्या उसमें भी छेद तलाश लिया गया है। अगर सुप्रीम कोर्ट चाहे तो संभल और अजमेर जैसे विवाद हमेशा के लिए खत्म हो सकते हैं। अगर पूजा स्थल अधिनियम को अदालतों द्वारा बरकरार नहीं रखा जाता है, तो न जाने कितने मामले भविष्य में दिखेंगे।

**क्या 1991 का पूजा स्थल कानून सिर्फ कागजी है? क्या उसमें भी छेद तलाश लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट चाहे तो संभल और अजमेर जैसे विवाद खत्म हो सकते हैं।**

## मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय में विद्वानों और बुद्धिजीवियों का जमावड़ा





**हैदराबाद।** 28 नवंबर, 2024 सफीर मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी (MANUU) के अरबी विभाग और ऑल इंडिया नहज-उल-बालागा सोसाइटी के सहयोग से आज एक दिवसीय नहज-उल-बालागा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रम CPDUMT ऑडिटोरियम, MANUU हैदराबाद में आयोजित किया गया था।

सम्मेलन की शुरूआत भारत मे इरान के सर्वोच्च नेता आयतोल्लाह ख़ामेनेई साहब के प्रतिनिधि हूज्जतुल इस्लाम वल मुस्लिमिन आगा मेहदी मेहदावीपुर और कुलपति प्रोफेसर ऐन अल हसन के उपदेश से हुई। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र और अकादमिक सत्र में विभिन्न देशों के जाने-माने विद्वानों और बुद्धिजीवियों ने भाग लिया और इमाम अली (उन पर शांति हो) के शब्दों पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर सैयद जहांगीर, मौलाना सैयद तकी रजा आबिदी, आगा मुजाहिद हुसैन, मौलाना हैदर आगा, मौलाना शरफी, इंजीनियर मुहम्मद मुस्तफा, और प्रोफेसर हसन कमाल (कुवैत) ने अपने भाषण में नहजुल बलागा के संदेश और कथनों के शाश्वत महत्व पर चर्चा की। इमाम अली (अ.स.) ने इसे हर युग के लिए एक प्रकाशस्तंभ कहा।

सम्मेलन में इस बात पर जोर दिया गया कि इमाम अली (अ.स.) के उपदेश, पत्र और बातें न केवल इस्लामी शिक्षाओं के लिए बल्कि मानव कल्याण के लिए भी मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

प्रतिभागियों ने नहजुल बलागा की शिक्षाओं को लोकप्रिय बनाने और उनके संदेश को दुनिया भर में प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर जोर दिया। इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक संगोष्ठी ने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के दिलों में नहजुल बलागा के महान संदेश के महत्व पर प्रकाश डाला।

आयोजकों ने इस सफल सम्मेलन के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया।

# फिर गंगा मैली की मैली क्यों?

सामयिक



**शाहीन सबा**

आस्था के केंद्र बनारस में गंगा और उससे मिलने वाली सहायक धाराओं-वरुणा और असि में पारंपरिक देशी मछलियों का मरना, उनकी संख्या कम होना और इस इलाके में यदा कदा ऐसी विदेशी अंछलियों का मिलना जो स्थानीय पर्यावरण को खतरा है, दर्शाता है कि नमामि गंगे परियोजना को अभी कागजों से ऊपर उठा कर बहुत कुछ करना है। मछली और जल-चर किसी भी जल धार का प्राण और मानक होती है। काशी हिन्दू विश्व विद्यालय के प्राणी विभाग के एक ताजा शोध में बताया गया कि कि जानलेवा रसायनों के कारण गंगा, वरुणा और असि नदी में सिंघी और मांगुर समेत कई देसी प्रजातियां विलुप्त हो गई हैं। यह बात बहुत गंभीर है कि मछलियों की प्रजनन क्षमता 80 प्रतिशत तक घट गई है। शोध बताता है कि वैसे तो जो मछली जितनी अधिक वजन की होती है, उसके अंडे उतने ही अधिक होते हैं। एक मछली औसतन तीन से पांच लाख तक अंडे देती है, लेकिन गंगा में अब यह संख्या घाट कर 50 से 70 हजार हो आगी है।

अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण पत्रिका 'स्प्रिंगर' और पुणे से प्रकाशित होने वाली भारतीय शोध पत्रिका 'डायमेंशन आफ लाइफ साइंस एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट' में हाल ही में प्रकाशित शोध पत्र बतात' है कि रसायन दवाओं, माइक्रो प्लास्टिक, डिटर्जेंट, कास्मेटिक उत्पाद, पेंट,प्लास्टिक कचरा और रासायनिक खादों में मिलने वाले कि एल्काइल फिनोल और टर्ट-ब्यूटाइल फिनोल समेत कई विषाक्त रसायनों की वजह से गंगा और उसकी सहायक नदियों की मछलियों के अंडे देने की दर में भयानक गिरावट आई है। बीएचयू के प्राणी विज्ञान विभाग के प्रोफेसर राधा चौबे, सहायक प्रोफेसर डा. गीता गौतम का शोध बतात है कि रसायनों के कारण मछलियों की भ्रूण में मौत हो रही है



गंगा देश की संस्कृति की पहचान और मानव विकास की सहयात्री है। इसके संरक्षण के अभी तक किये गए सभी प्रयास अमूर्त ही रहे हैं। वित्त वर्ष 2014-15 से लेकर 2020-2021 तक इस नमामि गंगे योजना के तहत पहले 20 हजार करोड़ रुपए खर्च करने का रोडमैप तैयार किया गया था जो बाद में बढ़ाकर 30 हजार करोड़ रुपए कर दिया गया। वहीं 2022-23 में योजना मद में 2047 करोड़ आवंटित किए गए थे. वित्त वर्ष 2023-24 में 4000 करोड़ रूपए का बजट अनुमान रखा गया हालांकि आवंटन केवल 2400 करोड़ रूपए का ही किया गया। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 में नमामि गंगे प्रोजेक्ट के फेज दो के लिए 3500 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। कुल मिलाकर विभिन्न नामों गंगे परियोजनाओं के तहत लगभग 37,550 करोड़ रुपये मंजूर किए गए, लेकिन रिकॉर्ड के अनुसार जून 2024 तक केवल 18,033 करोड़ ही खर्च किए गए। अकेले सीवेज इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की लागत 15,039 करोड़ रुपये है।

यदि गंभीरता से काम किया जाए तो तंत्र की पहली भूमिका होती कि नदी में कम से कम अपशिष्ट जाए। फिर नदी के किनारे के शहर-कस्बों को नदी एक साथ बेहतर व्यवहार करने की सीख और प्रक्रिया समझआई जाती। दुर्भाग्य है किस समूचा तंत्र अधिक से अधिक एसटीपी लगाने में व्यस्त है। यह बात सरकारी आंकड़े कहते हैं कि इस परियोजना के अंतर्गत गंगा के किनारे स्थित शहरों में सीवर व्यवस्था का दुरस्त करने, उद्योगों द्वारा बहाए जा रहे अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के लिए शोधन संयंत्र लगाने, गंगा घाटों पर शौचालय, जैव विविधता को बचाने, गंगा बचाने की सभी पहलुओं काम नहीं बहुत हुआ।

और फिर एसटीपी पर हुए खर्च से क्या गंगा की सेहत सुधरी? बीते एक महीनों के दौरान राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एन जी टी) में हुई कार्यवाही से इसका काला चिट्ठा उजागर हो चुका है। कितना दुर्भाग्य है कि गंगा अपने उद्गम से ही दयनीय हो जाती है। अभी 05 नवंबर 2024 को एनजीटी, उत्तराखंड में प्रस्तुत आंकड़े बताते हैं कि गंगोत्री में एक मिलियन लीटर हर दिन की क्षमता वाले सीवर ट्रीटमेंट प्लांट से लिए गए नमूने में 100 एमएल पानी में फेकल कॉलीफॉर्म की मात्रा 540 पाई गई। सनद रहे फेकल कॉलीफॉर्म मनुष्यों और जानवरों के मल मूत्र से निकलने वाले सूक्ष्म जीवाणु से उपजे प्रदूषण को दर्शाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानक के मुताबिक नहाने और आचमन करने लायक पानी की गुणवत्ता का मानक 500 से कम फेकल कॉलीफॉर्म प्रति 100 एमएल होता है। जाहिर है कि गंगोत्री में ही गंगा जल इंसान के इस्तेमाल के लायक नहीं हैं। फिलहाल एनजीटी ने उत्तराखंड के मुख्य सचिव को 13 फरवरी 2025 को विस्तार से रिपोर्ट देने को कहा गय है।

उत्तर प्रदेश के हालात तो और भी भयावह हैं। एनजीटी के सामने 22 अक्टूबर 2024 को यह स्वीकार करने में किसी को शर्म नहीं आई कि राज्य के लक्षित 326 में से 247 नायलॉन पर गंदे पानी को शुद्ध बनाने की व्यवस्था हो नहीं सकी है और लगभग 3513.16 एमएलडी सीवेज गंगा और सहायक नदियों में निरंतर गिर रहा है। उत्तर प्रदेश एनजीटी के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ के सामने 06 नवंबर 2024 को तथ्य सामने आए कि गंगा और यमुना के संगम प्रयागराज में निकलने वाले गंदे जल और स्थापित किए गए एसटीपी क्षमता में सीवेज शोधन क्षमता में 128 एमएलडी का फरक है। यह भी सच है कि कोई भी एसटीपी कभी अपनी पूर्ण क्षमता से तो काम करता नहीं। अर्थात प्रयागराज के कई नाले सीधे गंगा को गंदा कर रहे हैं। यहां 25 नाले बगैर शोधन के गंगा में और 15 यमुना में गिर रहे हैं। जिस अपरियोजन को ले कर इतना प्रचार और खर्च किया गया हो, उसकी जमीनी हकीकत प्रयागराज में दिखती है, जहां महाकुंभ की तैयारी चल रही है और करोड़ों लोग इसी नदी में डुबकी लगाएंगे। इससे नदी में प्रदूषण और बढ़ेगा ही।

गंगा का दर्द उस बनारस में असीम है, जहां से प्रधानमंत्री खुद सांसद हैं और खुद को गंगा के आमंत्रण पर काशी जाने का उद्घोष करते रहे हैं। इस नगर के आदिकाल से अस्तित्व के मूल कारण गंगा को आंकड़ों और कागजों पर ही निर्मल कर रही है। 18 नवंबर 2024 को एनजीटी के न्यायमूर्ति ने बनारस के जिलाधीश से सवाल किया कि क्या आप खुद गंगा जल को पी सकते हैं? आप अपने आपको असहाय मत महसूस करिए। जिलाधिकारी हैं आप, अपनी शक्तियों का उपयोग करिए और एनजीटी के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करिए। नदी किनारे बोर्ड लगवा दीजिए कि गंगा जल नहाने और पीने योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी व विशेषज्ञ सदस्य डॉ. ए. सेंथिल ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि 'गंगा का पानी नहाने व पीने योग्य नहीं है' इस बाबत सार्वजनिक सूचना क्यों नहीं लगवा देते?

नगरों और मानवीय क्रियाकलापों से निकली गंदगी नहाने-धोने, पूजा-पूजन सामग्री, मूर्ति विसर्जन और दाह संस्कार से निकला प्रदूषण गंगा में समा जाता है। इन सभी पर नियंत्रण करना कोई कठिन नहीं, लेकिन जटिल जरूर है।

**गंगा का दर्द उस बनारस में असीम है, जहां से प्रधानमंत्री खुद सांसद हैं। इस नगर के आदिकाल से अस्तित्व के मूल कारण गंगा को आंकड़ों और कागजों पर ही निर्मल कर रही है। 18 नवंबर 2024 को एनजीटी के न्यायमूर्ति ने बनारस के जिलाधीश से सवाल किया कि क्या आप खुद गंगा जल को पी सकते हैं?**

अमृतवाणी

## सच्चा मित्र



**एक** आश्रम में गुरुजी नित नई-नई शिक्षाएं देकर मार्गदर्शन करते थे। एक दिन उनके कुछ शिष्यों ने उनसे प्रश्न किया, गुरुवर! धन, कुटुंब और धर्म इन तीनों में से हमारा सच्चा साथी कौन है? गुरुजी ने कहा, इस प्रश्न का जवाब मैं तुम्हें जरूर दूंगा पहले मैं आप लोगों को एक कथा सुनाता हूं। एक व्यक्ति के तीन मित्र थे। सबसे प्रिय के साथ वह सबसे ज्यादा समय बिताता था। दूसरे के साथ उसकी प्रगाढ़ता थोड़ी कम थी। तीसरा मित्र जो बिल्कुल उपेक्षित था। एक बार वह व्यक्ति किसी मुसीबत में फंस गया। उसे राज दरबार में बुलाया गया। वह थोड़ा घबरा गया। मुसीबत के वक्त उसे अपने मित्रों की याद आई। वह अपने पहले मित्र के पास गया, लेकिन उसने उसके साथ जाने से मना कर दिया। वह दूसरे मित्र के पास गया और उससे साथ चलने असमर्थता जताई। निराश होकर वह तीसरे मित्र के पास पहुंचा। तीसरा मित्र मदद करने के लिए तैयार हो गया। राज दरबार में उसने अपने मित्र का पक्ष रखा और संकट से बचाकर वापस ले आया। तब गुरुजी ने तीनों मित्रों की प्रतीकात्मक अर्थ बताते हुए कहा, पहला मित्र धन है, जिसे सबसे परम प्रिय माना जाता है, लेकिन वह मृत्यु के बाद एक कदम भी साथ नहीं चलता। वही दूसरा मित्र आपका कुटुंब है, जो यथासंभव सहायता तो करता है, लेकिन उसका सहयोग शरीर रहने तक ही है। तीसरा मित्र धर्म है, जो इस लोक और परलोक दोनों में साथ होता है। जिसके प्रति हम हमेशा उपेक्षा का भाव रखते हैं। हमें अपने जीवन में सभी को महत्व देना चाहिए। हम धन को ही सब कुछ मान बैठे हैं और हमारे वास्तविक मित्र धर्म के लिए समय ही नहीं है। शिष्य, गुरु जी की शिक्षा का आशय समझ गए थे।

## हाजी मेहदी महदवी पूर ने ख़्वाजा बंदा नवाज साहब के दरगाह पर अकीदत के फूल चढ़ाए









**दिल्ली।** भारत में इरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि, हजरत हुज्जतुल इस्लाम वल मुस्लेमीन हाजी मेहदी महदवी पूर ने दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य के गुलबर्गा शहर में स्थित हजरत सैयद मोहम्मद जैदी हुसैनी खुरासानी ख़्वाजा बंदा नवाज गेसूदराज के मजार का दौरा किया। ख़्वाजा बंदा नवाज गेसूदराज की दरगाह भारत में मुसलमानों के लिए हजरत सैयद मोईनुद्दीन चिश्ती ख़्वाजा गरीब नवाज (अजमेर, राजस्थान) के मजार के बाद सबसे बड़ी दरगाह और ज़ियारतगाह मानी जाती है।

नजरिया

# खाद्य पदार्थों का घटता वजन, बढ़ते दाम



**राजेंद प्रसाद शर्मा**

महंगाई का असर किस तरह से हमारी जेब पर भारी पड़ रहा है, इसका अंदाज इसी से लग जाता है कि बड़े और जाने माने उपभोक्ता सामग्री निर्माताओं ने अपने उत्पाद की दर बढ़ाने की बजाय उसकी मात्रा या यों कहे कि वजन कम करने को बेहतर विकल्प चुना है। अब किसी मॉल या बाजार में जाते हैं तो इतनी महंगाई बढ़ने के बाद भी पांच रुपए का बिस्कुट का पैकेट पांच में ही मिल रहा है तो कुरकुरे, टेडे-मेड़े, नमकीन, मोगर, चिप्स या इसी तरह के अन्य उत्पाद पांच या दस रुपए के पैक में ही मिल रहे हैं और आम उपभोक्ता उसी दर पर उपलब्ध समझ कर मजे से खरीद रहा है। दरअसल निर्माताओं ने अपने लोकप्रिय और फिक्स दर वाले उत्पादों के दाम बढ़ाने के स्थान पर इस तरह की गणित फिट की है कि दाम वही रहने दो और उपलब्ध माल का वजन या मात्रा कम कर दो। इसका सबसे बड़ा फायदा तो यह है कि उनके तयसुदा ग्राहकी में दूसरा ब्रॉण्ड सेंध नहीं लगा पाएगा तो आम उपभोक्ता पैकिंग में कितनी मात्रा है इस और ध्यान ही नहीं देता। यही कारण है कि आम उपभोक्ता को आसानी से भ्रमित रख कर ठगा जा रहा है। निर्माता का कहना है कि उसने आम उपभोक्ता के साथ किसी तरह की ठगी नहीं की, क्योंकि पैकिंग में जितनी मात्रा दर्शाई गई है उतनी उपलब्ध हैं वहीं आम उपभोक्ता को पता ही नहीं चल पाता कि निर्माताओं द्वारा खेल क्या किया जा रहा है?

दरअसल यदि हम किसी भी मॉल या किराना की दुकान पर कुछ खरीदने जाएंगे तो उपभोक्ता सामग्री के वजन को लेकर सबसे ज्यादा भ्रमित होते हैं। किसी भी खाद्य तेल के पाउच की बात की जाए तो बाजार में एक लीटर के नाम पर किसी कंपनी का उत्पाद 910 मिली का होता है तो किसी का 840 या किसी का 860 मिली के पैक में उत्पाद उपलब्ध होता है। अब वहां लगे रेट को देखने से पता लगता है कि अमुक कंपनी का खाद्य तेल का पाउच इतने रुपए का है तो दूसरी का इतने रुपए का। आम उपभोक्ता की यह समझ से परे की बात होती है कि रेट कम वाले पाउच का वजन कितना है या अधिक रेट वाले पाउच में कितना वजन है। दरअसल एक लीटर के पाउच के बावजूद रेट और लीटर के नाम पर मिली लीटर के कम ज्यादा भावों के नाम पर आमनागरिक को भ्रमित किया जाता है।

इसी तरह से पिछले दिनों भावों में बढ़ोतरी के बाद नामी गिरामी कंपनियों के बिस्कुट के तय रेट वाले पैकिट की मात्रा के अंतर को समझा जा सकता है। कुछ इसी तरह की बात नमकीन, कुरकुरे, चिप्स आदि के पाउच में देखा जा सकता है। यह केवल खाद्य सामग्री तक ही सीमित नहीं है अपितु कॉस्मेटिक व अन्य उत्पादों पर आसानी से समझा जा सकता है। दैनिक उपभोग के शैंपू पाउच या पैकिंग में आसानी से मात्रा कम होना आम हो गया है। लगता है कि रेट वही हैं, पर मात्रा के नाम पर भ्रमित किए जाने का खेल खुलेआम चल रहा है।

**अभी तक यह तय नहीं हो पाया है कि एक लीटर तेल के पाउच में कितनी सामग्री होनी चाहिए। एक लीटर के नाम पर निर्माता कंपनियों द्वारा 840 से लेकर 910 मिली लीटर में अलग अलग भावों में बेचे जा रहे हैं। अब आम नागरिक की रेट कम देखकर भ्रमित होने की संभावना रहती है।**




यह तो किसी तरह से नहीं स्वीकारा जा सकता कि सरकार या संबंधित मंत्रालय को इस बारे में जानकारी ना हो। किसी भी सामग्री के दाम घटने बढ़ने पर सरकार भी नजर रखती है। सबसे मजे की बात खाद्य तेल के पाउच को लेकर समझा जा सकता है। अभी तक यह तय नहीं हो पाया है कि एक लीटर पाउच में कितनी सामग्री होनी चाहिए। एक लीटर के नाम पर निर्माता कंपनियों द्वारा 840 से लेकर 910 मिली लीटर में अलग अलग भावों में बेचे जा रहे हैं। अब आम नागरिक की रेट कम देखकर भ्रमित होने की संभावना अधिक रहती है। वह यह समझ कर ही चलता है कि उपलब्ध सभी पाउच एक लीटर के होंगे और दरों में कमी हैं, ऐसे में वह खरीदारी करते समय यह नहीं समझ पाता कि वह सस्ते के नाम पर पाउच में उपलब्ध सामग्री की कम मात्रा के रुप में छला गया है। सरकार के किसी भी स्तर पर यह बात छुपी हुई नहीं है ऐसे में एक लीटर के खाद्य सामग्री के पाउच की मात्रा सरकार द्वारा ही 1000 मिली तय कर दी जानी चाहिए। सरकार के स्पष्ट निर्देश होने चाहिए कि एक लीटर पाउच के नाम पर बेची जाने वाली सामग्री में सामग्री की मात्रा 1000 मिली ही हो। यदि ऐसा हो तो समस्या का काफी हद तक समाधान हो सकता है। आम आदमी को आसानी से ठगी से बचाया जा सकता है। दरअसल इस संदर्भ में इग्नोर करने का एक कारण यह भी हो सकता है कि आम नागरिकों में बढ़ती महंगाई के बावजूद यह भ्रम बन रहे कि बिस्कुट पहले भी पांच रुपए का आ रहा था और आज भी पांच रुपये का आ रहा है। इसी तरह से अन्य उत्पादों की बात की जा सकती है। एक और निर्माताओं अपने ग्राहकों को बांधे रखने में सफल हो जाते हैं वहीं दूसरी और सरकार का हो सकता है कि एक सोच यह भी हो कि इससे महंगाई का शोरगुल अधिक नहीं होगा।

मजे की बात यह है कि बाजार के ये हालात आज की बात नहीं हैं। इसी तरह से आम नागरिक के साथ छलावे को यह कोई पहला मौका नहीं है। इसके साथ ही आम आदमी को भ्रमित रखने का यह एक तरीका है। पर मजे की बात यह है कि देश भर में उपभोक्ता हितों के नाम से खड़े गैरसरकारी संगठन या उपभोक्ता न्यायालयों में इस तरह की किसी ने जनहित याचिका लगाने की पहल नहीं की है। महंगाई को कमतर आंकने का यह रास्ता सही नहीं हो सकता। इस संदर्भ में गंभीर चिंतन और आमनागरिक के हित में ठोस निर्णय लेना होगा।

# यानसेन का कहर, झटके सात विकेट



## पहले टेस्ट में श्रीलंका 42 रन पर ऑलआउट, 5 बल्लेबाज जीरो पर हुए आउट

**डरबन, वार्ता :** कप्तान टेम्बा बावुमा (70) की जूझारू अर्धशतकीय पारी के बाद मार्को यानसेन (सात विकेट) की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को श्रीलंका को मात्र 42 के स्कोर पर ढेर करने के बाद दूसरी पारी में तीन विकेट पर 132 रन बनाने के साथ 281 रनों की बढ़त बनाते हुए मैच पर अपना शिकंजा कस लिया है।

दक्षिण अफ्रीका के 191 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका शुरुआत बेहद खराब रही और उसने यानसेन और कगिसो रबाडा के कहर का सामना करना पड़ा। श्रीलंका ने 7.1 ओवर में 16 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिये थे। पथुम निसंका (तीन), दिमुत करुणारत्ने (दो), दिनेश चांदीमल (शून्य) और एंजलो मैथ्यूज (एक) रन बनाकर आउट हुये। कामिंडु मेंडिस ने श्रीलंका के लिए सर्वाधिक 13 रन बनाये। इसके बाद श्रीलंका ने 32 के स्कोर पर ही अपने चार विकेट गवां दिये। कप्तान धनंजय डीसिल्वा (सात)रन बनाकर आउट हुये। श्रीलंका के पांच बल्लेबाज शून्य पर आउट हुये। श्रीलंका ने 42 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवांये और पूरी टीम महज 13.5 ओवर में 42 के स्कोर पर ढेर हो गई। दक्षिण अफ्रीका की ओर से मार्को यानसन ने 6.5 ओवर में 13 रन देकर सात विकेट विकेट झटके। गेराल्ड कोएत्जी को दो विकेट मिले। कगिसो रबाडा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार अपने घर पर किसी टीम को इतने कम रनों पर ढेर किया है। श्रीलंका का भी ये टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे छोटा स्कोर है। इससे पहले वर्ष 1994 में श्रीलंका की पारी कैंडी में 71 रन पर सिमट गई थी। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने दिन का खेल समाप्त होने के समय 40 ओवर में तीन विकेट पर 132 रन बना लिये है और उसकी कुल बढ़त 281 रनों की हो गई है।




# पाक नहीं जाएगी टीम इंडिया

## सरकार ने बीसीसीआई से कहा- चैंपियंस ट्रॉफी न्यूट्रल वेन्यू पर हो, नहीं तो भारत करेगा टूर्नामेंट की मेजबानी

● मुंबई, वार्ता

**टीम** इंडिया किसी भी कंडीशन में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी। बीसीसीआई के सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अगर हाइब्रिड मॉडल के लिए नहीं माना तो टीम इंडिया टूनार्मेंट नहीं खेलेगी। अगर पीसीबी ने टूर्नामेंट होस्ट नहीं किया तो भारत इसकी मेजबानी के लिए भी तैयार है। आईसीसी ने 29 नवंबर को मीटिंग बुलाई है, जिसमें वेन्यू को लेकर फाइनल फैसला लिया जाएगा।

बीसीसीआई सूत्रों ने बताया कि सरकार ने बीसीसीआई से साफ कह दिया है कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं जाएगी। सरकार ने बीसीसीआई से आईसीसी में अपने तर्क को मजबूती से रखने के लिए कहा है। आईसीसी में पाकिस्तान के हालात और खिलाड़ियों की सुरक्षा की अहमियत बताने के लिए भी कहा गया है। सरकार ने यह तक कह दिया है कि अगर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने चैंपियंस ट्रॉफी करवाने से मना किया तो भारत इसकी मेजबानी करेगा। अगर आईसीसी ने भारत को मेजबानी सौंपी तो सरकार की ओर से पूरा सपोर्ट मिलेगा। इतना ही नहीं, चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए भारत आने वाली टीमों के प्लेयर्स को वीजा मिलने में भी दिक्कत नहीं आएगी। पीसीबी ने भारत के सभी मैच लाहौर में कराने और मैच के बाद खिलाड़ियों को भारत भेजने का प्रस्ताव रखा था। भारत ने इसे मना कर दिया, जिसके बाद पीसीबी ने हाइब्रिड मॉडल अपनाने से भी इनकार कर दिया। टीम इंडिया 2008 के दौरान मुंबई में हुए आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान नहीं गई है। सुरक्षा कारणों से आईसीसी ने इस दौरान पाकिस्तान में इंटरनेशनल क्रिकेट को बैन भी कर दिया था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर लगातार तैयारी कर रहा है। पीसीबी ने तीनों स्टेडियम का काम तकरीबन पूरा कर लिया है। उन्होंने लाहौर, कराची और रावलपिंडी स्टेडियम के रेनोवेशन पर 12.5 बिलियन पाकिस्तान रुपये खर्च किए हैं। इस बीच, भारत सरकार ने पहले ही अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया था। बीसीसीआई ने आईसीसी को बताया था कि टीम टूर्नामेंट को पाकिस्तान में नहीं खेलेगी। यदि पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल पर नहीं मानता है, तो फिर टूर्नामेंट दूसरे देश में शिफ्ट हो सकता है। आईसीसी ने बीसीसीआई से चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम को पाकिस्तान न भेजने के लिए लिखित में जवाब मांगा था। पाकिस्तानी चैनल जियो न्यूज की रिपोर्ट के हवाले से लिखा कि पीसीबी ने आईसीसी से भारत के जवाब की लिखित कॉपी मांगी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टीम इंडिया के पाकिस्तान न जाने को लेकर आईसीसी से जवाब मांगा था। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, पीसीबी ने बताया था, पाकिस्तान में सुरक्षा की दिक्कत नहीं है। इसीलिए न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीमों ने यहां का दौरा किया था। जब ये टीमें आ सकती हैं तो टीम इंडिया क्यों नहीं?



# ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में ऑलराउंडर बो वेबस्टर शामिल

● ऐडिलेड, वार्ता

**ऑस्ट्रेलिया** ने तस्मानिया के बो वेबस्टर को मिच मार्श के कवर के रूप में भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट के लिए टीम में जगह दी है।

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच के लिए टीम की घोषणा कर दी है। टीम में मध्यम तेज गेंदबाजी के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर ऑफ स्पिन भी कराने वाले वेबस्टर को शामिल किया गया हैं। वेबस्टर ने भारत ए के खिलाफ दो अनौपचारिक 'टेस्ट' श्रृंखला में वेबस्टर 72.50 की औसत से 145 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया ए के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने 20 से कम औसत से सात विकेट भी लिए। इसके अलावा उन्होंने हाल में शेफील्ड शील्ड मैच में न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ 61 और 49 का स्कोर बनाने के साथ-साथ पांच विकेट भी लिए। वह ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ स्लिप क्षेत्ररक्षकों में से भी एक हैं। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच और चयनकर्ता ऐंड्रयू मक्डॉनल्ड ने ऐडिलेड टेस्ट के लिए बिना किसी बदलाव की टीम घोषणा करते हुए यह भी कहा था कि ऑलराउंडर मिचेल मार्श की फिटनेस पर थोड़ा संदेह है। मार्श के फिटनेस के बारे में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भी चिंता जताई थी। हालांकि 13-सदस्यीय दल में जॉश इंग्लिस के रूप में अतिरिक्त बल्लेबाज हैं, लेकिन अपनी ऑलराउंड क्षमताओं के कारण वेबस्टर टेस्ट पर्दापण के दावेदार बन गए हैं। 30 वर्षीय वेबस्टर ने अपने करियर में प्रथम श्रेणी करियर में 5000 से अधिक रन और 150 विकेट लिए हैं। दूसरा टेस्ट ऐडिलेड में छह दिसंबर से शुरू होगा। पर्थ टेस्ट जीतकर भारतीय टीम ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। ऐडिलेड टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम : पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलंड, ऐलेक्स कैरी, जॉश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नेथन लायन, मिचेल मार्श, नेथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क और बो वेबस्टर।



## दूसरा टेस्ट ऐडिलेड में छह दिसंबर से होगा शुरू

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उमा को टीम में किया शामिल

● मुंबई, वार्ता

**अखिल** भारतीय महिला चयन समिति ने आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेले जाने वाले तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए घोषित 16 सदस्यीय टीम में उमा छेत्री को जगह दी गई है।

22 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज छेत्री ने जुलाई में भारत के लिए पदार्पण किया था और अब तक चार टी-20 मैच खेल चुकी हैं। अब उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चाटिल यस्तिका भाटिया की जगह पहली बार एकदिवसीय टीम में शामिल किया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि बीसीसीआई का चिकित्सा दल भाटिया की रिकवरी पर नजर बनाये हुए है। पहला एकदिवसीय मुकाबला पांच दिसंबर को ब्रिस्बेन में होगा। दूसरा एकदिवसीय मैच आठ दिसंबर को ब्रिस्बेन में तीसरा एकदिवसीय मैच 11 दिसंबर को पर्थ में खेला जायेगा। भारतीय महिला एकदिवसीय टीम इस प्रकार है:- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रिया पुनिया, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, ऋचा घोष (विकेट कीपर), तेजल हसबनीस, दीप्ति शर्मा, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, तीतास साधु, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, साइमा ठाकोर, उमा छेत्री (विकेट कीपर)।



# शतक से चूके केन विलियमसन

## विलियमसन की शानदार पारी से न्यूजीलैंड ने आठ विकेट पर बनाए 319 रन

**क्राइस्टचर्च, वार्ता :** केन विलियमसन की शानदार (93), कप्तान टॉम लेथम (47) और ग्लेन फिलिप्स (नाबाद 41) रनों की पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय आठ विकेट पर 319 के स्कोर के साथ मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है।

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड की शुरुआत खबरा रही और उसने दूसरे ही ओवर में डेवन कॉन्वे (दो) का विकेट गवां दिया। इसके बाद कप्तान टॉम लेथम और केन विलियमसन ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 58 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में ब्राइडन कार्स ने टॉम लेथम (47) को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। रचिन रविंद्र (34), डैरिल मिचेल (19) और टॉम ब्लंडल (17) रन बनाकर आउट हुये। न्यूजीलैंड का पांचवां विकेट केन विलियमसन के रूप में गिरा। उन्हें गस ऐटकिंसन ने आउट कर 33वें शतक से वंचित कर दिया। विलियमसन ने 197 गेंदों में 10 चौके लगाते हुये (93) रनों की पारी खेली। नेथन स्मिथ (तीन) मैट हेनरी (18) रन बनाकर आउट हुये। दिन का खेल समाप्त होने के समय ग्लेन फिलिप्स ने (नाबाद 41) और टिम साउदी (नाबाद 10) रन बनाकर क्रीज पर थे। इंग्लैंड के लेग स्पिनर बशीर ने 69 रन देकर चार विकेट चटकाए। ऐटकिंसन और कार्स ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया।



# लक्ष्य-सिंधु सैयद मोदी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

## पीवी सिंधु ने कड़े मुकाबले में हमवतन इरा शर्मा को 21-10, 12-21, 21-15 से हराया

● लखनऊ, ब्यूरो

**शीर्ष** वरीय पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने दो लाख दस हजार डॉलर इनामी राशि वाली सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में क्रमशः महिला और पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में पीवी सिंधु ने कड़े मुकाबले में हमवतन इरा शर्मा को 21-10, 12-21, 21-15 से हराया। बीडब्लूएफ में 147वीं रैंकिंग इरा के खिलाफ जीत के लिए विश्व में 18वीं वरीय सिंधु को मशक्कत करनी पड़ी। पहला गेम विश्व चैंपियनशिप की स्वर्ण व डबल ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट सिंधु ने आसानी से जीता। दूसरे गेम में सिंधु शुरू में पिछड़ गई और इरा ने 11-1 तक की बढ़त बना ली थी। तीसरे व निर्णायक गेम में पीवी सिंधु ने एक-एक अंक के लिए संघर्ष के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। पीवी सिंधु की अब चीन की डाई वांग से टक्कर होगी। पुरुष एकल में शीर्ष वरीय लक्ष्य सेन ने इजरायल के डेनियल डुबोवेंको को आसानी से सीधे गेम में 21-14, 21-13 से हराया। राष्ट्रमंडल खेल के स्वर्ण व विश्व चैंपियनशिप के कांस्य विजेता लक्ष्य की अब अगले दौर में भारत के माइसनम लुआंग मेरबा से टक्कर होगी। एक अन्य महिला एकल में गैर वरीय भारत की उन्नति हुड्डा ने उलटफेर भरी जीत दर्ज की,वहीं दूसरी वरीय मालविका बंसोड महिला, तीसरी वरीय किरण जार्ज पुरुष एकल एवं मिश्रित युगल में भारत की बी.सुमित रेड्डी व सिकी रेड्डी की शीर्ष वरीय जोड़ी उलटफेर का शिकार हो गए। महिला युगल में पिछले संस्करण की उपविजेता शीर्ष वरीय अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रैस्टो के साथ प्रिया कोन्जेंगबम व श्रुति मिश्रा की पांचवीं वरीय भारतीय जोड़ी भी अंतिम आठ में पहुंच गई। मिश्रित युगल के प्री क्वार्टर फाइनल में भारत को शीर्ष वरीय बी.सुमित रेड्डी व सिकी रेड्डी की हार से झटका लगा। इस जोड़ी को मलेशिया के लू बिंग कून व हो लो यी ने 19-21, 21-16, 21-13 से हराया। महिला युगल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रिया कोन्जेंगबम व उत्तर प्रदेश की श्रुति मिश्रा की पांचवीं वरीय भारतीय जोड़ी हमवतन कविप्रिया सेल्वम व सिमरन सिंघी के खिलाफ 21-15, 21-12 की जीत से अंतिम आठ में पहुंच गई। शीर्ष वरीय भारत की तनीषा क्रैस्टो व अश्विनी पोनप्पा ने चीनी ताइपे की चेन सू यू व यी यिन एच को 21-19, 8-21, 21-12 से और दूसरी वरीय भारत की त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी ने भारत की अश्विनी भट्ट व शिखा गौतम को 21-13, 21-10 से हराया। महिला एकल में गैर वरीय भारत की श्रीयांशी वाली शेट्टी ने उलटफेर करते हुए दूसरी वरीय भारत की मालविका बंसोड को 21-12, 21-15 से हराया। महिला एकल में ही गैर वरीय भारत की उन्नति हुड्डा ने थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइइकेवांग को 21-18, 22-20 से उलटफेर भरी जीत के साथ अंतिम आठ में स्थान सुरक्षित किया। पुरुष एकल में दूसरी वरीय भारत के प्रियांशु राजावत ने वियतनाम के ले डक फट को 21-15, 21-8 से और भारत के आठवीं वरीय आयुष शेट्टी ने मलेशिया के जस्टिन होह को 21-12, 21-19 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। जापान के शोगो ओगावा ने तीसरी वरीय भारत के किरण जार्ज को 19-21, 22-20, 21-11 से हराकर उलटफेर किया।




## सार संक्षेप

### महाराष्ट्र पांच स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर

**लखनऊ :** लखनऊ में खेली जा रही अंडर-17 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की 68वीं राष्ट्रीय स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिता के तीसरे दिन गुरुवार को महाराष्ट्र ने पांच स्वर्ण और दो कांस्य पदकों के साथ शीर्ष स्थान पर है। हरियाणा दो स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि उत्तर प्रदेश के विकास कुमार ने 3000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। बालक वर्ग में ट्रिपल जंप में पश्चिम बंगाल के सोहम कुमार बिस्वा ने 14.46 मीटर के साथ स्वर्ण अपने नाम किया वहीं 3000 मीटर दौड़ में दिल्ली के बादल 8:30.64 मिनट के साथ गोल्ड अपने नाम करने में सफल रहे। यूपी के विकास कुमार को 8:31.33 मिनट के साथ रजत और बिहार के राजन राज को 8:31.98 मिनट के साथ कांस्य पदक मिला। जैवलिन थ्रो में नवोदय विद्यालय के सुरेन्द्र सिंह ने 65.25 मीटर भाला फेंक कर स्वर्ण जीता। स्पर्धा में अनिकेत (हरियाणा) 64.37 मीटर रजत और रोहित (राजस्थान) ने 60.05 मीटर के साथ कांस्य पर अपना अभियान खत्म किया। बालिका वर्ग में 100 मीटर बाधा दौड़ में महाराष्ट्र की स्वनंदी सावंत 14.57 सेकंड का समय निकाल कर स्वर्ण की हकदार बनी। स्पर्धा में रजत केरल की विष्णुश्री एनएस को और कांस्य महाराष्ट्र की श्रेया इथापे को मिला।

### लैमिन यामल ने जीता वर्ष 2024 का गोल्डन बॉय पुरस्कार



**रोम :** बार्सिलोना के फॉरवर्ड लैमिन यामल ने वर्ष 2024 का गोल्डन बॉय तथा महिला वर्ग में मिडफील्डर विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता है। ट्यूरिन स्थित मीडिया आउटलेट टुट्टोस्पोर्ट ने इन पुरस्कारों की घोषणा की। वर्ष 2003 से शुरू हुए गोल्डन बॉय पुरस्कार से यूरोप में 21 वर्ष या उससे कम आयु के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कृत किया जाता है। इससे पहले बार्सा फेमिनी स्टार विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता। अन्य पिछले विजेताओं में एरलिंग हालैंड , किलियन म्बाप्पे और लियोनेल मेस्सी शामिल हैं। यामन दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अंडर-21 पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले सबसे कम उम्र खिलाड़ी हैं। यामल ने इस सत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखा है तथा ला लीगा में शीर्ष पर चल रही टीम बार्सिलोना के लिए 12 लीग मैचों में पांच गोल दागे हैं। बार्सिलोना की 18 वर्षीय आक्रामक मिडफील्डर विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता।

### पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को 99 रनों हराया और सीरीज भी जीती

**बुलावायो :** कामरान गुलाम (103) की शतकीय और अब्दुल्लाह शफीक (50) की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने गुरुवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 99 रनों से शिकस्त दी। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है। 304 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 10 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। जॉयलॉर्ड गंबी (पांच) और डिओन मेयर्स (चार) रन बनाकर आउट हुये। कप्तान क्रेग एर्विन ने टीम के लिये सर्वाधिक (51) रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया। तड़विनाशे मारुमानी (24), शॉन विलियम्स (24), सिकंदर रजा (16), क्लाइव मडांडे (20), फराज अकरम (5) और रिचर्ड एन्गारावा (17) रन बनाकर आउट हुये। ब्रायन बेनेट ने 27 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाकर (37) रनों की तूफानी पारी खेली। जिम्बाब्वे की पूरी टीम 40.1 ओवर में 204 के स्कोर पर सिमट गई।

### यूपी योद्धाज ने रोमांचक मैच में जयपुर पिंक पैंथर्स को 33-29 से हराया

**नोएडा :** मेजबान यूपी योद्धाज ने नोएडा इंडोर स्टेडियम में रिवेंज वीक के तहत गुरुवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 11वें सीजन के 81वें मैच में दो बार की चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स 33-29 से हरा दिया। यूपी ने इसके साथ जीत के साथ घरेलू सीजन को अलविदा कहा। यूपी योद्धाज की 14 मैचों में यह सातवीं जीत रही। इसके साथ ही टीम ने टॉप-6 में एंट्री कर ली है। वहीं, जयपुर पिंक पैंथर्स को 14 मैचों में छठी हार का स्वाद चखना पड़ा है। मैच की बात करें तो इस सीजन में अपने घर में अपना आखिरी मुकाबला खेलने उतरी यूपी योद्धाज ने शुरुआती पांच मिनटों में जयपुर को बराबरी की कड़ी टक्कर दी। मुकाबले के दौरान स्कोर 5-5 से बराबर रहने के बाद दोनों टीमों ने अपने खेल को आक्रामक कर दिया। मुकाबले के नौवें मिनट में डू ऑर डाई में आए अर्जुन देशवाल ने बोनस प्वॉइंट ले लिए। इसके बाद यूपी ने लगातार अंक लेकर पहले 10 मिनट के खेल में अपनी बढ़त को तीन अंकों तक पहुंचा दिया। अगले ही मिनट में यूपी योद्धाज ने जयपुर पिक पैंथर्स को ऑलआउट करके स्कोर को 15-8 का कर दिया।

### डब्ल्यूपीएल 2025 के लिए 15 दिसंबर को बेंगलुरु में होगी छोटी नीलामी

**मुंबई :** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 सत्र के लिये छोटी नीलामी 15 दिसंबर को बेंगलुरु में होगी और इस बार टीम बनाने के लिए पांचों फ्रेंचाइजी के पास इस वर्ष 15 करोड़ रूपये का बजट होगा। छोटी नीलामी में इंग्लैंड की कप्तान हेदर नाइट, न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज लिया ताहुहु, वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर ड्रिएंड्रा डॉटिन कुछ बड़े अंतरराष्ट्रीय नाम है। वहीं भारतीय खिलाड़ियों में स्नेह राणा, लेग स्पिनर पूनम यादव और बल्लेबाज वेदा कृष्णमूर्ति पर नजर होंगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)